# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 17 मार्च 2025


## इंडिया मास्टर्स बनी चैंपियन



रायपुर। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के फाइनल मैच में रविवार को इंडिया ने 6 विकेट से वेस्टइंडीज मास्टर्स को हराकर चैंपियन बनी गई। सचिन तेंदुलकर की अगुवाई में लगातार तीसरी बार रायपुर में जीत दर्ज की है। इंडिया मास्टर्स ने आईएमएल के पहले लीग में खिताब जीतकर इतिहास में अपना नाम दर्ज किया। दिग्गज खिलाड़ियों को देखने 40 हजार से अधिक दर्शक पहुंचे थे। मैच में मास्टर ब्लास्टर तेंदुलकर 25 और अंबाती रायुडू 74 की 67 रनों की साझेदारी ने जीत की राह आसान कर दी।

■ इंटरनेशनल मास्टर्स लीग









### ट्रेन हाईजैक के बाद एक और हमला, मौतों को लेकर अलग-अलग दावे

# पाक सेना पर बड़ा हमला, बलूच आर्मी ने उड़ाई बस, 90 जवानों की गई जान!

एजेंसी ▶▶| क्वेटा

*पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक बार फिर पाकिस्तानी सेना के काफिले पर बड़ा हमला हुआ है। नोश्की जिले में एक आत्मघाती हमले में काफिले को निशाना बनाया गया और उसके बाद भारी गोलीबारी की गई। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए 90 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत का दावा किया है। हालांकि, पाक सरकार ने 7 लोगों की मौत और लगभग 35 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है।*

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के नोश्की इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए इस हमले में एक आत्मघाती समेत चार आतंकवादी भी मारे गए हैं। आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन से अर्धसैनिक फ्रंटियर कॉर्प (एफसी) के काफिले को टक्कर मार दी। स्थानीय पुलिस थाने के प्रमुख जफरुल्लाह सुमालानी ने कहा कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि यह एक आत्मघाती हमला था। सुमालानी ने कहा कि हमले की जगह से मिले साक्ष्यों से पता चलता है कि एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को एफसी काफिले में घुसा दिया। हमले के तुरंत बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी अभियान शुरू किया, जिसमें आत्मघाती हमलावर ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### आर्मी हेलीकॉप्टर और ड्रोन तैनात

हमले के बाद पाकिस्तानी सेना की एविएशन हेलीकॉप्टर्स को घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए तैनात किया गया। साथ ही, ड्रोन सर्विलांस के जरिए पूरे इलाके की निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

### पाक सेना बोली- 7 की मौत, बीएलए बोला- 90 सैनिक मारे



#### शरीफ ने किया था बलूचिस्तान का दौरा

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 13 मार्च को बलूचिस्तान का दौरा किया था। पीएम ने उन लोगों से बात की जो जाफर एक्सप्रेस हाईजैक में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के चंगुल से बच कर निकले थे। इसी के साथ, वह रेस्क्यू ऑपरेशन के कमांडो से भी मिले।

#### काफिले में थीं सेना की आठ बसें

बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जीयांद बलूच ने कहा कि एक आत्मघाती हमलावर ने एक बस को निशाना बनाया। उसके बाद दूसरी बस पर गोलीबारी की। काफिले में आठ बसें थीं, जिनमें से एक आत्मघाती हमले में पूरी तरह नष्ट हो गई। प्रवक्ता ने आगे कहा कि हमले के तुरंत बाद बीएलए के फतह दस्ते ने बस को पूरी तरह से घेर लिया और उसमें मौजूद सभी सैनिकों को मार डाला। बीएलए ने दावा किया कि पूरी कार्रवाई में कुल 90 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए।

## दो बाइक की टक्कर में चार युवकों की मौत



■ सीसीटीवी में घटना रिकॉर्ड गांव में शोक का लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से करीब 15 किमी दूर सोनहत के आदर्श ग्राम पंचायत कटगोड़ी में शनिवार की रात एक भीषण सड़क हादसे में चार युवकों की जान असमय चली गई। यह हादसा कटगोड़ी में शिवाली सिंह के घर के सामने हुआ, जब दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। घटना पास में लगे सीसीटीव्ही में रिकार्ड हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइकों की ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### परिजन का रो-रोकर बुरा हाल

हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों के परिवारों में मातम पसरा हुआ है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर है। वहीं इस हादसे ने एक बार फिर क्षेत्र में सड़क सुरक्षा की ▶▶|शेष पेज 4 पर









### दो लाख की रिश्वत, गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम। आईओसी के डीजीएम एलेक्स मैथ्यू को यहां एक गैस एजेंसी के मालिक से कथित तौर पर दो लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। सतर्कता विभाग की विशेष जांच इकाई-1 के अधिकारियों ने रंगे हाथों पकड़ लिया।







# हमर-प्रदेश



बिलासपुर, सोमवार 17 मार्च 2025 haribhoomi.com

हरिभूमि


## खबर संक्षेप



जशपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव गृह ग्राम बगिया में बच्चों के साथ होली मनाई। बच्चों को रंग गुलाल लगाकर मिठाई खिलाई।

### भाजपा ने मौर्य को 6 साल के लिए किया निष्कासित

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने बस्तर जिले में पहली कार्रवाई करते हुये वनवासी मौर्य को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्ष के लिये निष्कासित कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने निष्कासन आदेश जारी किया है। जिसमें बस्तर जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद चुनाव में भाजपा द्वारा अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने को अनुशासन भंग की परिधि में माना गया है। जिसके आधार पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव द्वारा वनवासी मौर्य के पार्टी से निष्कासन की कार्यवाही की गयी है। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय संगठन व अनुशासन को सर्वोपरि कहा है।

### फिल्मी गानों पर कलेक्टर आईजी और एसएसपी थिरके



**रायपुर ।** होली का पर्व शांतिपूर्वक निपटने के बाद पुलिस परिवार ने दूसरे दिन पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह आयोजित किया। जहां पुलिस परिवार के इस आयोजन में रेंज आईजी अमरेश मिश्रा, एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान कलेक्टर, पुलिस अफसर तथा अन्य अधिकारी फिल्मी गानों तथा नगाड़े की थाप पर जमकर झूमे-नाचे। होली पर्व शांतिपूर्ण निपटने के बाद पुलिस अफसरों ने राहत की सांस ली। होली के दूसरे दिन पुलिस परिवार ने होली का आयोजन किया, जिसमें पुलिस विभाग के छोटे से लेकर बड़े अफसर तथा पुलिसकर्मी शामिल हुए। पुलिस परिवार के आयोजन में पुलिस परिवार की महिलाएं तथा बच्चे भी शामिल हुए। इस दौरान पुलिस अफसरों तथा कलेक्टर ने पुलिसकर्मियों का मुंह मीठा कराकर उन्हें होली की बधाई दी। नगाड़े की थाप, फाग तथा फिल्मी गानों के धुन सुनकर अफसर खुद को रोक नहीं पाए और खुद नगाड़ा बजाने के साथ ही फाग गाया तथा फिल्मी गानों पर जमकर थिरके। पुलिस अफसर तथा कलेक्टर ने सुबह 9 से 11 बजे तक पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के साथ होली खेली।

### प्राचार्य सीधी भर्ती के लिए प्रक्रिया हो अविलंब प्रारंभ

**दुर्ग।** स्कूल शिक्षा विभाग में प्राचार्य के लगभग 03 हजार पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया होने पर सेल शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। स्कूल शिक्षा विभाग में विद्यालयों तथा विद्यार्थियों को योग्य, अनुभवी एवं पूर्णकालिक 2934 प्राचार्य तो मिलेंगे ही साथ ही शिक्षाकर्मी के रूप में प्रथमतः नियुक्त कर्मचारियों को प्राचार्य तथा भविष्य में विभाग के उच्च प्रशासनिक पदों पर सेवा का सुअवसर मिलेगा।

शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने प्राचार्य पदोन्नति की वर्तमान प्रक्रिया को शालेय शिक्षक संघ की संविदा शिक्षक से प्रारंभ सफर का ऐतिहासिक व सुखद पड़ाव की संज्ञा देते हुए बताया कि संविदा शिक्षक के रूप में सेवा प्रारंभ करने वाले उनके लगभग 70 साथी भी 2005 में शिक्षाकर्मी के रूप में पद परिवर्तन तथा 2018 में संविलियन प्राप्त कर, अब प्राचार्य बनने जा रहे हैं। यह शालेय शिक्षक संघ के सदस्यों की संगठन के प्रति प्रतिबद्धता, कर्मठता व नेतृत्व के ईमानदार प्रयास का परिणाम है, इसमें सभी का त्याग और सैकड़ों साथियों का बलिदान सर्वोपरि है।


## हादसा

# कांकेर थाना परिसर में भीषण आग, गाड़ियां जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज. कांकेर। जिला मुख्यालय कांकेर कोतवाली मे थाना के मुख्य भवन के पीछे कई वर्ष पुराने चार एवं दोपहिया वाहनों में 16 मार्च की सुबह लगभग 8 बजे के आसपास आग लग गई। कबाड़ में तब्दील हो चुके कई वाहन जलकर खाक हो गए। थाना परिसर में पुलिस टीम ने पानी डालकर बुझाने का प्रयास किया। उसके बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने धधक रही आग पर काबू पाया।







### काबू पाया, बड़ा हादसा टला

बताया जा रहा है कि फायर ब्रिगेड तत्काल नहीं पहुँचती तो आग की धधक बाजू के दुकानदारों के पास पहुँच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग में समय पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा होते- होते टल गया।

### कारण की पतासाजी जारी

कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि यह घटना सुबह लगभग 8 बजे के आसपास की है। प्रथम दृष्टया आग लगने का कोई कारण पता नहीं चल सका है। कारण की पतासाजी जारी है।

## बिहार से बरामद लड़कियों से पूछताछ में हो रहा खुलासा, लड़कियों को आश्रम में रखा गया

**जाने के बाद लड़कियों को अपने बेचे जाने की मिली जानकारी**

# पिता ने ही बेच दी थी 'नटवरलाल' को चार बेटियां, 50 हजार में हुआ था सौदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**बिहार, रोहतास के रेडलाइट एरिया से रेस्क्यू की गई 41 लड़कियों में चार नाबालिग रायपुर की रहने वाली हैं और चारों सगी बहनें हैं, इस बात का खुलासा पुलिस जांच में हुआ है। पूछताछ में लड़कियों ने बताया कि उनके पिता ने उन्हें बिहार के एक दलाल नटवरलाल के पास 50 हजार रुपए में चार वर्ष पूर्व बेच दिया था। लड़कियों के बयान सामने आने के बाद पुलिस नाबालिग बहनों के पिता के साथ दलाल की खोजबीन में जुट गई है।**

रोहतास पुलिस ने एक पखवाड़े पूर्व दबिश देकर छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों की 41 नाबालिग लड़कियों का रेस्क्यू किया था। इन लड़कियों को दलाल नाच-गाना कराने के एवज में हर महीने मोटी रकम का लालच देकर अपने साथ ले गए और उन्हें देह व्यापार में धकेल दिया था। लड़कियों का रेस्क्यू किए जाने के बाद एसएसपी तथा कलेक्टर के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास के साथ पुलिस की टीम लड़कियों को लेने के लिए रोहतास रवाना हुई और 13 मार्च को सभी को रायपुर लाया गया। मामला नाबालिग लड़कियों से जुड़े होने की वजह से केस काफी ज्यादा संवेदनशील हो गया है। इसलिए पुलिस की टीम मामले की पड़ताल करने में काफी ज्यादा सतर्कता बरत रही है। रेस्क्यू की गई लड़कियों की लगातार काउंसिलिंग की जा रही है। पुलिस जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि और ऐसी कितनी नाबालिग लड़कियों को मानव तस्कर अपने साथ ले जा चुके हैं।

हरिभूमि लगातार

कचरा बीनने से घर नहीं चलता, इसलिए 9 माह के कांट्रेक्ट पर भेजीं लड़कियां




### पत्नी की मौत के बाद बेटियों को बेचा

पूछताछ में लड़कियों ने रेस्क्यू टीम को बताया है कि चार वर्ष पूर्व उनकी मां की मौत हो गई थी। इसके बाद पिता ने हम पर ध्यान देना बंद कर दिया। लड़कियां अपने पिता के साथ रोड किनारे रहती थीं। सभी कचरा बीन कर अपनी रोजी-रोटी चलाते थे। इसी दौरान लड़कियों का पिता नटवरलाल के संपर्क में आया। नटवरलाल उनके पिता को मोटी कमाई का झांसा देकर चारों बेटियों को अपने साथ नाचा पार्टी में शामिल करने के बहाने बिहार ले गया। इसके एवज में नटवरलाल ने चारों बहनों के पिता को 50 हजार रुपए दिए।

### अकेले आने-जाने पर रोक


लड़कियों ने रेस्क्यू टीम को बताया कि उन्हें एक छोटे कमरे में जानवरों की तरह ठूंस-ठूंस कर रखते थे। साथ ही अकेले बाहर आने-जाने पर रोक थी। लड़कियां कहीं जाती थीं, उनके साथ नटवलाल का एक आदमी जाता था। जिन लड़कियों का फेस ठीक नहीं होता था। उन लड़कियों को रेस्टोरेंट या अन्य जगहों पर काम पर लगा दिया जाता था।

### दूसरे के साथ सोने के लिए कहा, तब पता चला

रायपुर की जिन चार लड़कियों का पुलिस ने रेस्क्यू किया है, उनमें एक की उम्र 17 वर्ष है। 17 वर्षीय नाबालिग ने रेस्क्यू टीम को बताया कि नटवरलाल ने उन्हें अपने साथ ले जाने के छह माह बाद उसे एक आदमी के पास जाने के लिए बोला। लड़की ने इंकार किया तो नटवरलाल ने उसके साथ मारपीट करते हुए लड़की को उसके बाप से खरीदकर लाने की जानकारी दी। तब चारों बहनों को अपने बेचे जाने की जानकारी मिली।

**मृतका भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष की है बेटी**

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी, युवती की मौत





हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मोहन नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत 14 मार्च की दोपहर 3 बजे हुए एक सड़क हादसे में एक युवती की मौत हो गई है। कार में सवार होकर तीन युवक और एक युवती खाना खाकर ढाबा से घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से टकरा कर हवा में उछली और पलटी खाकर पेट्रोल पंप में जा घुसी। हादसे में युवती ऋचा की मौत हो गई। मृतका भाजपा महिला मोर्चा भिलाई अध्यक्ष स्वीटी कौशिक की बेटी है। लाल रंग की कार सीजी 07 सीपी 7214 में कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड निवासी ऋचा कौशिक, कोहका मयंक यादव, औद्योगिक क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड आयुष यादव, कोहका हर्ष सवार थे।

### ढाबा में खाना खाकर लौटते समय हादसा

हादसा 14 मार्च की दोपहर 3 बजे हुआ। कार में ऋचा, मंयक, हर्ष, आयुष सवार थे। चारों भिलाई से दुर्ग स्थित अंजोरा ढाबा खाना खाकर लौट रहे थे। तभी नागपुर से रायपुर जाने वाले हाईवे पर कार डिवाइडर से अनियंत्रित कार टकराकर हवा में उछली और पलटी हो गई। फिर कार सड़क किनारे गिरी हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए।

# तेलगांना में 16 महिलाओं समेत 64 नक्सलियों ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नक्सलियों की खोखली विचारधारा से मोहभंग होने के बाद 64 नक्सलियों ने तेलगांना में आईजी व एसपी के समक्ष समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। नक्सलियों को पुनर्वास पैकेज का लाभ व 25-25 हजार प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।

जानकारी के मुताबिक सभी नक्सली छग व तेलगांना के अलग अलग इलाकों में सक्रिय थे, जिन्होंने बिना हथियार के समर्पण किया है। इनमें 16 महिला नक्सली भी शामिल है। तेलंगाना सरकार ने समर्पण का स्वागत किया है और उन्हें पुनर्वास पैकेज की पेशकश की गई है। तेलगांना में 64 नक्सलियों का समर्पण इस बात का संकेत है कि माओवादी विचारधारा का प्रभाव कम हो रहा है और स्थानीय लोग हिंसा से त्रस्त जीवन से मुक्ति चाहते हैं। समर्पित नक्सलियों में डिवीसीएम, एसीएम, जन मिलिशिया सदस्य, पार्टी सदस्य, पीपीसीएम की 16 महिलाओं सहित कुल 64 नक्सली कैडर के शामिल है।




### ढाई माह में 122 माओवादियों ने किया समर्पण

एसपी भद्राद्री कोठागुडेम बी रोहित राजू ने इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि इन 64 सदस्यों समेत कुल 122 माओवादियों ने पिछले ढाई महीनों में आत्मसमर्पण किया है। एसपी ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को अब यह अहसास हो गया है कि प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी पार्टी पुरानी विचारधारा का अनुसरण कर रही है। उसने आदिवासी लोगों का विश्वास और समर्थन खो दिया है। उन्होंने उन माओवादियों से अपील की है जो आत्मसमर्पण करना चाहते हैं कि वे अपने परिवार के सदस्यों के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से अपने निकटतम पुलिस स्टेशन या जिला अधिकारियों से संपर्क करें।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे पर होंगी। विधानसभा में होने जा रहे खास कार्यक्रम में वे शामिल होंगी। ये कार्यक्रम प्रदेश की स्थापना के रजत जयंती वर्ष को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। यहां राजधानी रायपुर में विधानसभा के रजत जयंती समारोह के लिए राष्ट्रपति को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वरिष्ठ सचिवों के साथ बैठक कर राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों का रीव्यू किया। प्रबोधन कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मू विधायकों से चर्चा करेंगी।

### विधायकों से होंगी रूबरू

द्रौपदी मुर्मू देश की तीसरी राष्ट्रपति होंगी, जो सदन के भीतर विधायकों को संबोधित करेंगी। इनसे पहले स्व. डॉ. एपीजे अबुल कलाम, प्रतिभा पाटिल संबोधित कर चुकीं हैं। नवंबर 2012 में राष्ट्रपति स्व. प्रणव मुखर्जी भी रायपुर आ चुके हैं।

### दो घंटे का रायपुर प्रवास

राष्ट्रपति भवन से जारी प्रोटोकॉल के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मार्च को दो घंटे रायपुर में रहेंगी। वे करीब सुबह 10.30 बजे माना पहुंचेंगी।

## तीन दिनों तक रहे 'लू' के हालात, छाएंगे थोड़े बादल, पर कम नहीं होंगे गर्म हवा के थपेड़े

रायपुर। इस बार होली के दौरान गर्मी ने अपना पूरा असर दिखाया और तीन दिनों तक लू के हालात प्रदेशभर में बने रहे। होली के दूसरे दिन तो गर्मी अपने चरम रही तथा सारे शहर का तापमान पांच डिग्री तक ऊपर चढ़ा रहा। रविवार को भी तापमान 40 डिग्री के इर्द-गिर्द रहा, जिसमें तीन दिन कमी आने के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हल्के बादल भी छाएंगे। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश भी होगी, लेकिन ये गर्म हवाओं के थपेड़े पर बड़ा असर नहीं डाल पाएगी। मार्च में 40 डिग्री टेम्प्रेचर दूसरे पखवाड़े के अंतिम दिनों में असर दिखाता है, मगर इस बार गर्मी पहले ही अपना असर दिखाने लगी है और होली पर तो इसने कोई कसर नहीं छोड़ी। गर्मी के तेवर गुरुवार यानी होलिका दहन के दिन ही दिखने लगे थे और मौसम विभाग को लू का अलर्ट जारी करना पड़ गया था। इसके बाद शुक्रवार यानी रंग-गुलाल के दिन भी तेज गर्मी रही।


**Sachdeva International School** CBSE AFFILIATION No 3330120

RAIPUR (C.G.) PH.: 8120037037, 7898906011/12, 9302444465
Email: sisraipurcg@gmail.com

**VACANCY**

| S.N | POST | QUALIFICATION | VACANCY |
|---|---|---|---|
| 01 | P. G. T. | Post Graduation with B.Ed. | All Subjects |
| 02 | T. G. T. | Post Graduation with B.Ed. | All Subjects |
| 03 | P. R. T. | Graduation with B.Ed./D.Ed. | All Subjects |
| 04 | NTT | Graduation with NTT | |
| 05 | Counsellor | Post Graduation in Psychology | |
| 06 | Music Teacher | Post Graduation (Music) | |
| 07 | Dance Teacher | Post Graduation (Dance) | |
| 08 | Sports Teacher | B.P. Ed./M. P. Ed. | |
| 09 | Arts & Craft Teacher | BFA/MFA | |
| 10 | Office Assistant | Graduation with knowledge of Hindi & English Typing | |
| 11 | Special Educator | Graduation with D.Ed. | |
| 12 | Abacus/Reasoning Spoken English | Experienced Candidates are Preferable | |
| 13 | Accountant | Experienced Tally Operater/ Knowledge of School/ College Accounts | |

1. Candidates for Teaching Position Should be Fluent in English, Communication and Operational Knowledge of Computer. 2. Salary Negotiable. 3. Send your Resume on or before 25.03.25 to sisraipurcg@gmail.com

Secretary


**सतीश अध्यक्ष, अजय महामंत्री और निकेश कोषाध्यक्ष के लिए संयुक्त उम्मीदवार तय**

# चैंबर चुनाव में उलटफेर, संविधान संशोधन निरस्त अमर नहीं लड़ेंगे, सहमति से उम्मीदवार हुए तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव में नया मोड़ आ गया है। प्रत्याशियों की घोषणा के बाद संविधान संशोधन निरस्त होने के बीच बदले हुए समीकरण में जय व्यापार पैनल और एकता पैनल में चुनाव लड़ने को लेकर समझौता हो गया है। इसके तहत अध्यक्ष पद के लिए सतीश थौरानी, महामंत्री पद के लिए अजय भसीन और कोषाध्यक्ष पद के लिए निकेश बरड़िया दोनों पैनल के संयुक्त उम्मीदवार तय किए गए हैं। व्यापारी एकता पैनल के सह चुनाव संचालक राजेश वासवानी ने बताया कि तीन दिन पूर्व व्यापारी एकता पैनल और जय व्यापार पैनल के बीच चुनाव लड़ने को लेकर आम सहमति बनी।

### अध्यक्ष-कोषाध्यक्ष एकता पैनल से

सहमति के आधार पर तय किए गए उम्मीदवारों में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सतीश थौरानी, कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार निकेश बरड़िया व्यापारी एकता पैनल से हैं। वे अध्यक्ष और महामंत्री पद के उम्मीदवार थे। वहीं महामंत्री पद के उम्मीदवार अजय भसीन जय व्यापार पैनल के महामंत्री पद के उम्मीदवार घोषित किए गए थे।



**चुनाव समिति की हुई बैठक :** वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के आदेश पश्चात मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली द्वारा चुनाव समिति की आवश्यक बैठक बुलाई गई। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, प्रकाशचंद गोलछा, केसी माहेश्वरी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया, संजय जोशी, एचएस कर, एमएस रावते प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### इन जिलों में होगा चुनाव

प्रक्रिया के तहत प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के साथ ही रायपुर सहित 26 जिलों के लिए 10 चरण में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होगी, जिसमें भिलाई और रायपुर जिले में दो दिवसीय मतदान प्रक्रिया पूरी की जाएगी। रायपुर जिले के लिए 8 उपाध्यक्ष, 8 मंत्री, और सरगुजा, सूरजपुर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी, भरतपुर, गौरेला-पेंड्रा, मरवाही, धमतरी, दंतेवाड़ा, कांकेर, रायगढ़, जशपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, कबीरधाम, बालोद, बिलासपुर, सक्ती, कोरबार जांजगीर-चांपा, मुंगेली, बेमेतरा, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 1 उपाध्यक्ष और 1 महामंत्री पद के लिए मतदान होगा। साथ ही प्रदेश 3 पद अध्यक्ष, महामंत्री कोषाध्यक्ष के लिए सभी 27480 मतदाता मतदान करेंगे।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 17 मार्च 2025



CVRU
DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY

# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

Chhattisgarh, Bilaspur | AN AISECT GROUP UNIVERSITY

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | A NAAC Accredited University

THE FIRST PRIVATE UNIVERSITY IN CHHATTISGARH ACCREDITED "A" GRADE BY NAAC

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC

## Centre for Distance and Online Education (CDOE)

Programmes Offered :

MBA | BBA
B.Com | M.Com
M.A. (English)
M.A. (Hindi) | B.Lib

दूरस्थ शिक्षा में प्रवेश के लिए विद्यार्थी का ABC-ID & DEB-ID होना अनिवार्य है।




National Education Policy 2020
Curriculum as per NEP 2020
Skill Courses
Credit transfer through MOOCs
Study in Regional Language
Communication & Personality Development
Simultaneous Degree
National Apprenticeship Training Scheme Student (NATS)

Scan QR Code to Create Distance Education Bureau (DEB) ID

Scan QR Code to Create Academic Bank of Credit (ABC) ID

## Programmes Offered (Regular) :

**FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY**
B.Tech | Polytechnic Diploma | M.Tech | B.VOC
UG Diploma in Fire Safety Management

**FACULTY OF INFORMATION TECHNOLOGY**
M.Sc. (IT) | M.Sc. (CS) | P. G.D.C.A. | B.C.A. | D.C.A.

**FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES**
B. Pharm | D. Pharm | M. Pharm | UG Nutrition & Dietetics

**FACULTY OF COMMERCE & MANAGEMENT**
B.B.A. | M.B.A. | PGDBM | B.Com. | M.Com.

**FACULTY OF SCIENCE**
B.Sc. | M.Sc. | PGDRD

**FACULTY OF EDUCATION & PHYSICAL EDUCATION**
B.Ed. | M.Ed. | B.P.E.S. | M.P.E.S.

**FACULTY OF ARTS**
B.A.
PERFORMING & FINE ARTS (B.P.A. | M.P.A.)
M.A. | B.Lib. | M.Lib.
M.S.W. (Social Work)
B.J. | M.J.

**FACULTY OF LAW**
LL.M. | LL.B.
B.A. (LL.B.)
B.Com.(LL.B.)

**Research Programmes Ph.D.**

## HELP DESK FOR ENQUIRY

RAIPUR : 2nd Floor, "ACE Global" Opp. Minocha Petrol Pump, G.E.Road, Telibandha, Raipur - 492006, Chhattisgarh, Phone: +0771-6611111, 4022197, Mo. 9165550308

JAGDALPUR : 2nd Floor, Dubey Complex, Near Punjab Bhawan, Rautpara, Azad Chowk, Pandit Dindayal Upadhyay Ward, Jagdalpur: 494001, Distt: Bastar, (C.G.), Phone: 07782-225223, Mo. 9826882871, 7772044779

BHILAI : Near Ekta Park, Maitri Vihar, Radhika Nagar, Bhilai, District : DURG: 490020, CHHATTISGARH, Ph: +91-0788-2295617, 2294009, Mo. 7000718244

RAJNANDGAON : NH-6, GE Road Near Collectorate SBI Branch, Infront of Manokamna Bhawan, Shakti Nagar, Rajnandgaon: 491441, Chhattisgarh, , Phone: 91-07744-228568 Mo. 7828343001, 7000180528

BILASPUR : Infront of Pallav Bhawan, Ring Road No.2, Bilaspur, Chhattisgarh, Pin 495001 Ph. 07752-448799 Mo. 9109028878

AMBIKAPUR : 1st Floor, Anand Shree Complex, Near Multipurpose Hr. Sec. School, Collectorate Bunglow Road, Gudri Chowk, Ambikapur : 497001, Dist: Sarguja, (C.G.), Phone: 07774-221363, Mo: 8463079985, 9644773322

KORBA : Plot No 238, Amar Palace, Near Nirmala School, Kosabadi Chowk, Korba, Distt: Korba, (C.G.), PIN-495677, Ph.: 07759-222002, Mo: 9770214616,

RAIGARH : Opp. JMJ Morning Star Hospital, Pahad Mandir Road, Near Degree College, Lochan Nagar, Raigarh: 496001, (C.G.), Mo.: 7999581884, 9893770334

**Skill Partners**

AISECT LEARN – Better Education. Better Careers. INHOUSE LMS DELIVERING NEW AGE COURSES

Certification Courses in
- Digital Marketing
- Cyber Security
- Data Science
- AI/ML

Hero | Red Hat
Collaboration with Industry Stalwarts
Microsoft Ed-Vantage Platinum Partnership
Microsoft

ADMISSION HELPLINE FOR DISTANCE EDUCATION
9302969342, 9617772312

ADMISSION HELPLINE FOR REGULAR PROGRAMMES
6261-900581, 6261-900582

Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.) Ph.+91-7753-253801, 07753-253851, 253872, 253873, E-Mail : info@cvru.ac.in, lsd@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

**Approvals & Recognition From Regulatory Bodies**

Dr. C.V. Raman University is recognized by 2(f) under section 22 of UGC (University Grant Commission) Act 1956

The AICTE (All India Council of Technical Education) has approved the B.Tech, M.Tech, MBA & Diploma in Engineering Programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur

The NCTE (National Council for Teacher Education) has approved the B.Ed & M.Ed Programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur

The BCI (Bar Council of India) has approved the B.A.L.L.B., L.LB., & B.Com. L.L.B Programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur

Dr. C.V. Raman University is the member of the Association of Indian Universities (AIU)


The University is Approved by CGPURC (Chhattisgarh Private University Regulatory Commission)

The PCI (Pharmacy Council of India, a statutory body constituted under the Pharmacy Act, 1948) has approved the D.Pharm, B.Pharm & M.Pharm programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur

City Office: Dr. C.V. Raman University, Infront of Pallav Bhavan, Ring Road No.2, Bilaspur (C.G.) Ph. 07752-448799, Mo. 9109028878

AdPRAYAS

# कलियुग की सावित्री ने पति को यमराज से बचाया, जहरीले नाग ने डंसा तो चूस लिया सांप का सारा जहर



एजेंसी ▶▶| फिरोजाबाद

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां पति को सांप ने डस लिया तो पत्नी ने बिना कुछ सोचे-समझे फिल्मी अंदाज़ में उसके शरीर से ज़हर चूसना शुरू कर दिया। इस प्रयास में पत्नी की भी तबीयत बिगड़ गई और दोनों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

### परिवार में मचा हड़कंप

घटना के बाद परिवारवालों में अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में दोनों को फिरोजाबाद के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों की हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

### क्या सही है ज़हर चूसने का तरीका?

विशेषज्ञों का कहना है कि सांप के काटने के बाद जहर चूसना मेडिकल रूप से गलत तरीका है। ऐसा करने से ज़हर चूसने वाले व्यक्ति के शरीर में भी पहुंच सकता है, जिससे उसकी जान को भी खतरा हो सकता है। सही तरीका यह है कि काटे गए अंग को कम से कम हिलाया जाए, तुरंत मेडिकल सहायता ली जाए और ज़हर को शरीर में फैलने से रोकने के लिए प्रभावित हिस्से को हल्के से बांध दिया जाए।



### कैसे हुआ हादसा?

मामला फिरोजाबाद जिले के थाना नारखी क्षेत्र के गांव गोंछ का बाग का है। यहां के निवासी प्रदीप अपने घर के बाहर किसी काम में व्यस्त थे. तभी वहां छिपे एक जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। जैसे ही सांप ने काटा, प्रदीप ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाने लगे। उनकी आवाज़ सुनकर उनकी पत्नी सुमन दौड़कर बाहर आई। जब उसे पता चला कि पति को सांप ने डसा है, तो उसने घबराए बिना तुरंत ही उस जगह से ज़हर चूसना शुरू कर दिया. हालांकि, यह तरीका गलत साबित हुआ और ज़हर उसकी भी बॉडी में पहुंच गया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी।

## रोचक खबरें


### इंटरनेट पर वायरल : इंसानों की तरह सिगरेट फूंकता दिखा गोरिल्ला

**बीजिंग।** चीन के गुआंग्शी स्थित नैनिंग चिड़ियाघर में एक गोरिल्ला को इंसानों की तरह सिगरेट फूंकते हुए देखा गया। इस घटना को एक विजिटर ने रिकॉर्ड कर लिया, जो अब इंटरनेट पर वायरल है। हालांकि, वीडियो पर जैसे ही लोगों की नजर पड़ी वे जानवर की हरकत देखकर दंग रह गए। वहीं, कई यूजर्स इस बात को लेकर भड़के हुए हैं कि हम इंसानों की गलतियों का खामियाजा इन बेजुबानों को भुगतना पड़ेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, नैनिंग चिड़ियाघर के स्टाफ का कहना है कि उन्हें वायरल वीडियो की जानकारी है, और वे मामले की जांच कर रहे हैं। कर्मचारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि क्या किसी विजिटर ने जानबूझकर गोरिल्ला के बाड़े में जलती हुई सिगरेट की बट फेंकी थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चिड़ियाघर ने पब्लिक को भरोसा दिलाया है कि वह प्रबंधन प्रयासों को मजबूत करेगा, जानवरों की सुरक्षा के बारे में चिड़ियाघर आने वाले पर्यटकों को भी जागरूक करेगा।



### 'ये कयामत है या कोई सपना', आसमान से हुई खूनी बारिश, विचित्र नज़ारा देख चौंके वैज्ञानिक

**तेहरान।** ईरान के समंदर के किनारे पर हुई इस रहस्यमय घटना ने लोगों को आश्चर्य में डाल दिया है। इस विचित्र नजारे ने स्थानीय लोगों और वैज्ञानिकों को चौंका दिया है। कोई इसे कयामत का इशारा मान रहा है तो कोई इसे किसी सपने जैसा। प्रकृति भी काफी रहस्यमय है। कभी तो हमें कहीं ऐसी शांत जगहें देखने को मिल जाती हैं, जो मन को बिल्कुल सुकून देती हैं, तो कई बार ऐसा होता है कि हमें कुदरत का विकराल रूप भी देखने को मिल जाता है। इस वक्त एक ऐसा ही अजीबोगरीब नज़ारा हमें ईरान में देखने को मिल रहा है। यहां हुई बारिश के बाद फैले लाल पानी ने सभी को हैरान कर दिया है। ईरान के समंदर के किनारे पर हुई इस रहस्यमय घटना ने लोगों को आश्चर्य में डाल दिया है। इस विचित्र नजारे ने स्थानीय लोगों और वैज्ञानिकों को चौंका दिया है। कोई इसे कयामत का इशारा मान रहा है तो कोई इसे किसी सपने जैसा मान रहा है।



### अजीबोगरीब जानवर : ये है दुनिया की सबसे मोटी पैंथर! क्या इंसान खा गई?

**बीजिंग।** दुनियाभर में कई ऐसे अजीबोगरीब जानवर हैं, जिन्हें देखकर हैरानी होती है। आए दिन उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल होते हैं। लेकिन आज हम आपको एक ऐसे पैंथर की तस्वीर दिखाने जा रहे हैं, जिसने इंटरनेट पर बहस छेड़ दी है। तेंदुए की प्रजाति की ये पैंथर काले रंग है, जो चीन के चेंगदू चिड़ियाघर में रहती है। इसकी तस्वीरें देखकर लोग हैरान हैं, क्योंकि यह पैंथर बहुत ज्यादा मोटी हो गई है। चिड़ियाघर के मुताबिक, यह एक बूढ़ी मादा पैंथर है, और यह गर्भवती नहीं है। जू प्राशासन ने कहा है कि इस मदा पैंथर का मेटाबॉलिज्म और फिजिकल स्ट्रक्चर सही नहीं है, इसलिए उसे डाइट पर रखा गया है। चिड़ियाघर के कर्मचारियों ने बताया, 'हम उसके खाने की मात्रा कम कर रहे हैं। इसके तहत उसके खाने में से बीफ और दूसरी चीजें कम कर दी गई हैं।' हालांकि, इस पैंथर की हालत देखने के बाद लोगों को लगता है कि चिड़ियाघर में जानवरों को जरूरत से ज्यादा खिलाया जा रहा है।



दुनिया में कई रहस्यमयी और खतरनाक जगहे हैं। माना जाता है कि धरती पर अगर कोई सबसे खतरनाक जगह है तो वो बरमूडा ट्राएंगल और एरिया-51 है, लेकिन आज हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने वाले हैं, जिसे बरमूडा ट्राएंगल से भी ज्यादा खतरनाक माना जाता है। यह जगह अमेरिका के नवादा में स्थित है, जिसे नवादा ट्राएंगल के नाम से भी जाना जाता है।



# रहस्य नहीं जान पाया कोई, यहां पहुंचते ही अचानक गायब हो जाते हैं विमान

एजेंसी ▶▶| लंदन

बरमूडा ट्राएंगल की तरह ही नवादा ट्राएंगल में भी रहस्यमयी घटनाएं घटती हैं। कहा जाता है कि यह जगह इतनी खतरनाक है कि यहां से गुजरने वाला कोई भी विमान आज तक लौटकर वापस नहीं गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 60 सालों में यहां 2 हजार से भी अधिक विमान क्रैश हो चुके हैं और सैकड़ों पायलट कभी जिंदा नहीं लौटे।

कहा जाता है कि नवादा ट्राएंगल में कोई ऐसी रहस्यमयी शक्ति है जो विमानों को अपनी ओर खींच लेती है, जिसकी वजह से वो क्रैश हो जाते हैं। अब वो कौन सी शक्ति है, यह अभी तक वैज्ञानिकों के लिए रहस्य ही बना है। एरिया-51 में भी कुछ ऐसा ही होता है। कहा जाता है कि यहां या तो कोई गुरुत्वाकर्षण शक्ति है जो विमानों को अपनी ओर आकर्षित कर लेती है या इस जगह पर एलियंस हो सकते हैं। हालांकि, कुछ लोगों का यह भी मानना है कि एरिया-51 में अमेरिका का टॉप सीक्रेट मिलिट्री बेस है, जहां एलियंस को रखा जाता है और उनपर रिसर्च किया जाता है।



### आज भी अनसुलझी ही है पहेली

25 हजार वर्ग मील में फैले नवादा ट्राएंगल में 18 साल पहले घटी एक घटना की पहेली आज भी अनसुलझी ही है। अमेरिका के अरबपति कारोबारी स्टीव फॉसेट का विमान 3 सितंबर, 2007 को अचानक लापता हो गया था और उसके बाद उनका कुछ पता नहीं चला। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि स्टीव को विमान उड़ाने का लंबा अनुभव था। उनके नाम 100 से भी ज्यादा रिकॉर्ड थे। हालांकि, साल 2008 में वैज्ञानिकों और रेस्क्यू टीम को अन्य विमान हादसों वाली जगहों पर स्टीव का आईकार्ड, विमान के अवशेष और कुछ हड्डियां मिली थीं। बाद में जांच में पता चला कि वो हड्डियां स्टीव की ही थीं।

### बेहद रहस्यमयी है ये जगह

क्षेत्रफल के हिसाब से देखें तो नवादा ट्राएंगल काफी बड़ा इलाका है और इसी इलाके में लास वेगास, योसेमाइट नेशनल पार्क और एरिया-51 भी आता है। इस इलाके में जिस तरह भारी तादाद में विमान क्रैश हुए हैं, यही वजह है कि लोग एलियंस के अस्तित्व की बातें मानने लगे हैं। उनका कहना है कि अमेरिका ने एलियंस के साथ जिस तरह से छेड़छाड़ की है, ये उसी का नतीजा है। लोग अमेरिका पर एलियंस की जानकारी को छिपाने का आरोप लगाते हैं।


### क्या मानते हैं वैज्ञानिक

कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि नवादा ट्राएंगल में विमान हादसे एलियंस की वजह से नहीं, बल्कि एयर प्रेशर की वजह से होते होंगे। उनका मानना है कि यहां विमान पहाड़ों के ऊपर से उड़ते हैं, लेकिन फिर अचानक ही रेगिस्तान जैसी जमीन आ जाती है। इस कारण पायलट यहां के एयर प्रेशर को समझ नहीं पाते और विमान क्रैश हो जाते होंगे। हालांकि, यह सिर्फ उनका अंदाजा है। यह अभी तक साबित नहीं हो पाया है।

## 400 साल पुराना 'खंडहर', आज भी देखता है मालिक का रास्ता, सजे हैं चाय के प्याले, खुली हैं किताबें!

**लंदन।** दुनिया में आपको बहुत सी अलग-अलग तरह की जगहें मिल जाएंगी। कुछ शहर आज भी आबाद हैं तो कुछ शहर ऐसे भी हैं, जो कभी आबाद होते थे लेकिन आज वीरान हैं। ऐसी जगहों के बारे में लोगों को ज्यादा तो पता नहीं होता, लेकिन अगर कोई कभी वहां पहुंच जाए, तो उसकी आंखें आश्चर्य से फटी रह जाती हैं। कुछ ऐसा ही हुआ एक शख्स के साथ, जो 400 साल पुराने खंडहर में पहुंच गया।

कभी ये एक विशाल घर इतने सालों में लगभग खंडहर बन चुका है, लेकिन आज भी यहां डाइनिंग टेबल पर मालिक के लिए चाय के प्याले सजे हैं। इतना ही नहीं, एक पियानो भी इंतज़ार कर रहा है कि कोई उस पर मीठी धुन बजाए। एक रिपोर्ट के मुताबिक ये घर 17वीं सदी का बना हुआ है, जहां मानो वक्त रुक सा गया है।



### लिविंग रूम में पियानो रखा हुआ था, जो मानो किसी का कर रहा है इंतज़ार

अर्बन एक्सप्लोरर ने सोशल मीडिया पर बताया है कि वो एक ऐसी जगह पर पहुंचा, जहां एक विशाल मैंशन था। बाहर से वो खंडहर हो चुका था, लेकिन अंदर का इंटीरियर बिल्कुल सही था, मानो यहां कोई रहता हो। लिविंग रूम के बीच में एक खूबसूरत पियानो रखा हुआ था, जो मानो किसी का इंतज़ार कर रहा है। वहीं पास में एक फायरप्लेस, साइड टेबल और दीवारों पर आर्टवर्क लगे हुए थे। हरे रंग की दीवारों के साथ लाल रंग का कालीन मौजूद था, जबकि किताबें अलमारियों पर करीने से लगी हुई थीं। ऐसा लग रहा था कि यहां जब कोई रहता था, तो उसे किताबों का खासा शौक था। हालांकि, उन्हें पिछले सैकड़ों सालों से किसी ने छुआ भी नहीं।

### सजे हैं अलमारियों पर प्याले

जैसे ही आप आगे बढ़ते हैं, आपको एक डायनिंग टेबल मिलता है, जो आज भी करीने से सजा है। यहां पर कई बिल्ट इन शेल्व्स हैं, जिनमें बर्तन सजे हुए हैं। ये कमरा खूबसूरत और हवादार है और यहां भी रंगीन पेंटिंग्स लगी हुई हैं। लोगों ने इस घर को देखने के बाद कमेंट किया है कि बस इसे थोड़ी साफ-सफाई की जरूरत है। वहीं, एक यूज़र ने लिखा कि ये 1800 से 1600 के बीच का लग रहा है।

# समुंदर के रहस्यों की जांच कर रहे थे वैज्ञानिक तभी मिली 5 हजार साल पुरानी नाव

समुंदर की गहराई में इतने रहस्य हैं, जिनके बारे में फिलहाल लोगों को भी पूरी जानकारी नहीं है। पर अभी भी जब कुछ अलग पता चलता है तो बहुत हैरानी होती है। हाल ही में ऐसे ही एक राज का पता तुर्की से लगा है। दरअसल, यहां पर समुद्र की गहराइयों में 5 हजार साल पुरानी 'नाव' मिली है। ये असल में एक टीला है, जो पूरी तरह नाव जैसा दिख रहा है। वैज्ञानिकों का दावा है कि इसके तार 5 हजार साल पुरानी एक घटना से जुड़े हैं, जिसका जिक्र ईसाइयों के धर्म ग्रंथ, बाइबल में भी मिलता है।



एक वेबसाइट के मुताबिक तुर्की के माउंट अरारत के दक्षिण में करीब 30 किलोमीटर दूर वैज्ञानिकों को समुद्र के अंदर एक नाव के आकार का टीला मिला है। ये टीला असल में एक लकड़ी की नाव का जीवाश्म अवशेष है। वैज्ञानिकों ने इसे बाइबल से जुड़ी एक नाव माना है। दरअसल, नूह को ईसाई के साथ इस्लाम और यहूदी धर्म में भी ईश्वर का संदेशवाहक माना जाता है। उन्होंने जलप्रलय के समय एक नाव बनाई थी, जिसे अंग्रेजी में आर्क कहते हैं। इस नाव में उन्होंने कई जीव-जन्तुओं को डूबने से बचाया था।

### मिट्टी से मिले सुराग

आपको बता दें कि इस टीले को डुरुपिनार फॉर्मेशन कहा जाता है। ये 538 फीट लंबा है और एक प्रकार के आयरन ओर, लिमोनाइट से बना है। रिसर्च में पाया गया कि उस इलाके में जीव रहा करते थे और ये पानी से घिरा हुआ था। इस इलाके से मिट्टी जमा की गई और उसे शोध के लिए इस्तानबुल टेक्निकल यूनिवर्सिटी भेजा गया था। टेस्ट से पता चला कि मिट्टी में क्ले जैसे पदार्थ, मरीन डिपॉजिट और मरीन लाइफ के भी अंश मौजूद हैं। ये सैंपल बताते हैं कि वो 3500 से लेकर 5000 साल पुराना है। शोध के लीड रिसर्चर फारुक काया का कहना है कि प्राचीन काल में इस इलाके में भी इंसान रहते थे।



# न गाड़ी.. न रिक्शा और न ही बस, पिता ने अपने बच्चों को इस तरह भेजा स्कूल

एजेंसी ▶▶| नालंदा

बिहारशरीफ के रहने वाले इंजीनियर अजीत कुमार ने अपने बच्चों को घोड़े पर स्कूल भेजा, जो कि शहर भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। पिता अजीत कुमार के अनुसार बच्चों की पढ़ाई की शुरुआत शुभ और यादगार हो इसलिए उन्होंने अपने बच्चों को घोड़े पर बैठा कर स्कूल भेजा। उनके दोनों जुड़वा बच्चे अलग-अलग घोड़े की सवारी कर रहे थे। इस दौरान पिता भी बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए साथ-साथ चल रहे थे। इस नजारा को जिसने देखा वह हैरान हो गया।

जुड़वा बच्चों के पिता अजीत कुमार कहते हैं कि उन्होंने इसके लिए पहले से ही प्लानिंग की थी। हालांकि, वो बच्चों को हाथी की सवारी कराना चाह रहे थे, लेकिन हाथी उपलब्ध नहीं हो पाया, ऐसे में उन्होंने घोड़े की सवारी कराई ताकि बच्चों के लिए उनके शैक्षणिक जीवन की शुरुआत शुभ और यादगार हो सके। अजीत के अनुसार उन्होंने अपने बच्चों के नामांकन के लिए जिले के 15 स्कूलों का दौरा किया। वह विद्यालय जाकर वहां की शैक्षणिक गतिविधि, शिक्षकों के विचार, स्कूल की मनोदशा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, बच्चों के साथ शिक्षकों का व्यवहार सहित बाकी चीजों का अध्ययन कर रहे थे। उन्होंने बिहारशरीफ स्थित शिक्षांजलि विद्यालय को चुना।

### मां शिक्षिका तो पिता हैं इंजीनियर

अजीत पेशे से क्वाल्टी कंट्रोल इंजीनियर हैं। वहीं उनकी पत्नी सरकारी विद्यालय में शिक्षिका है। अजीत बिहारशरीफ स्थित करीमुल्लाह चक में रहते हैं। उनके बच्चों का नाम असीम आनंद और असीम रौनक है। दोनों जुड़वा बच्चे हैं, जिनकी शिक्षा दीक्षा एक साथ ही शुरू की गई है।



### शहर भर में चर्चा का विषय

अजीत के इस कृत्य की जहां सराहना की जा रही है। वहीं, इस बात की चर्चा भी शहर भर में हो रही है। लोग अजीत को एक रोल मॉडल पिता की तरह देख रहे हैं। ऐसे में, उन्हें विश्वास है कि उनके इस प्रयास से उनके बच्चों का शैक्षणिक जीवन सफल होगा।

**उपलब्धि** — स्टारशिप टेस्ला ह्यूमनॉइड रोबोट ऑप्टिमस को मंगल ग्रह पर ले जाएगा

# मंगल पर पहुंचाएंगे मस्क, जानिए कब होगी मानव लैंडिंग!


एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क अक्सर दुनिया भर को चौंकाते रहते हैं। एक बार फिर उन्होंने मंगल ग्रह पर मनुष्यों की लैंडिंग को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा और शक्तिशाली रॉकेट सिस्टम स्पेसएक्स का स्टारशिप 2026 तक मंगल ग्रह के लिए लॉन्च होगा। साथ ही बताया बताया कि ग्रह पर मनुष्यों कब पहुंचेंगे।

### कब शुरू होगी लैंडिंग

एलन मस्क ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर लिखा कि मंगल ग्रह पर मानव लैंडिंग संभवतः 2031 में शुरू होगी। उन्होंने कहा कि स्टारशिप टेस्ला ह्यूमनॉइड रोबोट ऑप्टिमस को मंगल ग्रह पर ले जाएगा। अगर इंसानों के लिए परिस्थितियां उपयुक्त लगती हैं, तो यह 2029 तक शुरू हो सकता है। बता दें कि स्टारशिप - 30 फुट चौड़ा, 397 फुट ऊंचा विशाल रॉकेट है।

**30** फुट चौड़ा
**397** फुट ऊंचा
**2029** तक शुरू हो सकता है





### बना रहे हैं ये प्लान

मस्क ने पिछले साल एक्स पर साझा किया था कि वह कम से कम दस लाख लोगों को मंगल ग्रह पर ले जाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, 'सभ्यता केवल एकल-ग्रह ग्रेट फ़िल्टर से तभी गुज़रेगी जब मंगल ग्रह तब भी जीवित रह सकता है, जब पृथ्वी के आपूर्ति जहाज आना बंद हो जाएं। एक दिन, मंगल की यात्रा पूरे देश में उड़ान भरने जैसी होगी। उनका लक्ष्य चंद्रमा पर एक बेस बनाना भी है। मानवता के पास चंद्रमा बेस, मंगल पर शहर और सितारों के बीच होना चाहिए।

### लगा था बड़ा झटका

हालांकि, इस महीने की शुरुआत में स्टारशिप को झटका लगा था, जब स्पेसएक्स ने आठवीं परीक्षण उड़ान के प्रक्षेपण के तुरंत बाद अंतरिक्ष यान से संपर्क खो दिया था। 7 मार्च को लिफ्टऑफ के लगभग सात मिनट बाद, स्टारशिप के विशाल प्रथम-चरण बूस्टर, जिसे सुपर हैवी के रूप में जाना जाता है, को लॉन्च टॉवर पर 'मेकाज़िला' नामक संरचना की 'चॉपस्टिक' भुजाओं का उपयोग करके स्टारबेस के लॉन्च टॉवर द्वारा पकड़ा गया था पर स्टारशिप अंतरिक्ष यान ने ऊंचाई नियंत्रण खो दिया और जमीन से संपर्क खो दिया था।

बिलासपुर

सोमवार, 17 मार्च 2025

चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीया

वर्ष : 24, अंक : 351

पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 4.00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम

अधि. 38.0

न्यून. 22.6



7 मुंबई इंडियंस दूसरी बार बनी डब्ल्यूपीएल चैंपियन...

विचार पेज 2 अवैध प्रवासन बिल का विरोध गलत

# छत्तीसगढ़ में बढ़ जाएंगी 67 शराब दुकानें, अब दुकानों का भी होगा एक से दूसरे जिले में ट्रांसफर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में पीने-पिलाने के शौकीनों के लिए ये खबर काम की हो सकती है कि राज्य में वर्ष 2025-26 में कोई भी शराब दुकान बंद नहीं होगी। साथ ही जिन जगहों पर शराब दुकान नहीं है, वहां दस प्रतिशत यानी नई 67 दुकानें खोली जाएंगी। वहीं प्रीमियम शराब की नई दुकानें भी खोली जाएंगी। इसके लिए राज्य सरकार की कैबिनेट ने अनुमति दे दी है। राज्य आबकारी आयुक्त ने इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों को वर्ष 2025-26 में शराब दुकानों के संचालन संबंधी निर्देश की जानकारी दी है। राज्य में पिछले साल कुल 674 शराब दुकानों का संचालन किया जा रहा था। साथ ही बड़े जिलों में प्रीमियम शराब दुकानें भी संचालित की जा रही हैं। राज्य में इनकी संख्या पिछले साल तक 29 थी। राज्य शासन ने नए वित्तीय वर्ष के लिए निर्णय लिया है कि सभी 674 शराब दुकानें तो संचालित की ही जाएंगी। साथ ही जरूरत के मुताबिक अलग से प्रीमियम दुकानें भी खोलने की अनुमति सरकार ने दे दी है।

### शराब दुकानें किसी भी जिले में की जाएंगी ट्रांसफर

राज्य शासन ने वर्ष 2025-26 के लिए यह निर्णय भी लिया है कि राज्य के किसी भी जिले की मदिरा दुकान को राज्य के किसी भी जिले में स्थानांतरित करने की जरूरत पड़ने पर ट्रांसफर करने की अनुमति होगी। सरकार का कहना है, ▶▶|शेष पेज 4 पर

## 2025-26 के लिए राज्य में शराब दुकान संचालन की नीति तय

### 10 प्रतिशत शराब दुकानें बढ़ाई जाएंगी

राज्य में मदिरा दुकान विहीन एवं उपयोजना क्षेत्र में तथा अंतर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में शराब की अवैध बिक्री पर नियंत्रण के इरादे से जरूरत के मुताबिक संचालित कुल 674 शराब दुकानों का 10 प्रतिशत यानी 67 नई देशी, विदेशी शराब दुकानें खोलने की अनुमति भी सरकार ने दी है। इस संबंध में जिला कलेक्टरों द्वारा नवीन मदिरा दुकान ▶▶|शेष पेज 4 पर



### प्रीमियम दुकानें भी पहले से ज्यादा होंगी

2025-26 के लिए यह भी तय किया गया है कि राज्य मंत्रिपरिषद के फैसले के मुताबिक अलग से प्रीमियम दुकानें संचालित करने की अनुमति दी गई है। इस संबंध में जिलों के कलेक्टर नवीन प्रीमियम मदिरा दुकानें खोलने के लिए आबकारी आयुक्त को प्रस्ताव भेजेंगे। इस पर शासन के निर्णय के बाद नई शराब दुकानें खोली जाएगी। ▶▶|शेष पेज 4 पर

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 75 करोड़ की ड्रग्स जब्त, दो गिरफ्तार



**मेंगलुरु।** कर्नाटक में मेंगलुरु पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी मादक पदार्थ की बरामदगी करते हुए 75 करोड़ रुपए मूल्य का 37 किलोग्राम एमडीएमए जब्त किया। इस मामले के सिलसिले में बेंगलुरू में दो दक्षिण अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। मेंगलुरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने कहा कि यह कार्रवाई छह महीने पहले हुई एक गिरफ्तारी से जुड़ी है। सितंबर में पुलिस ने मेंगलुरु के पंपवेल में हैदर अली नामक व्यक्ति को पकड़ा था।

*लेक्स फ्रिडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में पड़ोसी देश से रिश्तों पर बोले प्रधानमंत्री*

# पीएम मोदी बोले-पाकिस्तान से शांति की हर कोशिश को मिली दुश्मनी और धोखा

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मशहूर अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के बीच बातचीत का पॉडकास्ट आज रविवार को रिलीज हो गया है। इस बातचीत में पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। पड़ोसी देश पाकिस्तान से रिश्तों को लेकर किए गए सवाल पर पीएम मोदी ने कहा- भारत को पाकिस्तान से शांति की हर कोशिश के बदले दुश्मनी और धोखा ही मिला है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की हर शांति पहल को पाकिस्तान ने दुश्मनी और विश्वासघात से जवाब दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस्लामाबाद के नेता समझदारी दिखाएंगे और भारत के साथ संबंध सुधारने का रास्ता अपनाएंगे। पीएम मोदी ने यह बातें अमेरिकी पॉडकास्ट होस्ट लेक्स फ्रिडमैन के साथ एक इंटरव्यू में कहीं है। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि पाकिस्तान के आम लोग भी शांति चाहते हैं, क्योंकि वे भी आतंकवाद, हिंसा और अस्थिरता से परेशान हैं। उन्होंने कहा, निर्दोष बच्चों की हत्या हो रही है, ▶▶|शेष पेज 4 पर

### आतंकवादियों को एक्सपोर्ट करने का काम चल रहा

पीएम मोदी ने कहा, एक प्रॉक्सी वॉर चल रहा है और यह कोई विचारधारा नहीं है। आतंकवादियों को एक्सपोर्ट करने का काम चल रहा है। दुनिया में जहां भी कहीं आतंकी हमला होता है, कहीं न कहीं इसके सूत्र पाकिस्तान में अटकते हैं।



### 2014 में नवाज को दिया था न्योता

पीएम मोदी ने 2014 में अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा, इसका मकसद दोनों देशों के रिश्तों में नई शुरुआत करना था, लेकिन हर बार हमें सिर्फ धोखा और दुश्मनी मिली।

### पुतिन और जेलेंस्की को दी सलाह

पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे विवाद पर बोलते हुए कहा कि दोनों के साथ मेरे घनिष्ठ संबंध हैं। यह युद्ध का समय नहीं है। युद्ध के मैदान में कभी कोई समाधान नहीं निकलेगा।

### ट्रंप की तारीफ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बीच परस्पर विश्वास का रिश्ता है। वे बेहतर तरीके से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं, क्योंकि वे हर चीज से ऊपर अपने राष्ट्रीय हितों को रखने में विश्वास करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में पहले की तुलना में कहीं अधिक तैयार दिखाई दे रहे हैं। उनके दिमाग में सुपरिभाषित कदमों के साथ स्पष्ट रोडमैप है।

### संघ से मुझे जीवन के संस्कार मिले

पीएम मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की उनके जीवन में अहम भूमिका, समाज में इसके योगदान और अपने व्यक्तिगत अनुभवों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारे गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक शाखा थी, जहां देशभक्ति के गीत चलते थे। उन गीतों की कुछ बातें मुझे बहुत छू गईं। इस तरह मैं आरएसएस का हिस्सा बन गया। संघ से मुझे जीवन के संस्कार मिले। आरएसएस में हमें जो मूल मूल्य दिए गए, उनमें से एक था कि जो भी करो, उसे उद्देश्य के साथ करो।

तीसरी बार बिलासपुर आने वाले पहले पीएम

# पीएम मोदी 30 को आएंगे बिलासपुर, देंगे कई सौगातें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे। पीएम श्री मोदी बिल्हा से लगे ग्राम मोहभट्ठा में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे एनटीपीसी के 800 मेगावाट यूनिट का शिलान्यास, नेशनल हाइवे,रेलवे की बिलासपुर-रायपुर चौथी लाइन सहित विभिनन विकास योजनाओं का भूमिपूजन करेंगे। देखा जाए तो पीएम मोदी का यह पहला गैर चुनावी दौरा होगा। 18 माह पहले यानी 30 सितंबर 2023 को वे विधानसभा ▶▶|शेष पेज 4 पर



### सीएम सहित भाजपा के बड़े नेता जुटे तैयारियों में


पीएम मोदी के दौरे और कार्यक्रम को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव और दूसरे विधायक प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों के साथ तैयारियों में लगे हैं। डिप्टी सीएम ने अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की भी समीक्षा भी की है। इस ▶▶|शेष पेज 4पर

# कैसे करें क्राइम सीन की पड़ताल, फॉरेंसिक छात्रों को बताएंगे पुलिस अधिकारी

- विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में एक वर्ष के लिए नियुक्त करेगा रविवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर



पं.रविशंकर शुक्ल विवि के छात्रों को अब पुलिस अधिकारी बताएंगे कि वे किस तरह से क्राइम सीन की पड़ताल कर सकते हैं? दरअसल रविवि द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में निर्धारित अवधि के लिए नियुक्त करने योजना लाई गई थी। इसके अंतर्गत ही फॉरेंसिक डिपार्टमेंट के छात्रों को स्टेट फॉरेंसिक साइंस लेब्रोट्री के डायरेक्टर और आईपीएस डॉ.राजेश मिश्रा व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करेंगे। इसके लिए रविवि द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। ना केवल फॉरेंसिक डिपार्टमेंट ▶▶|शेष पेज 4 पर

**केस स्टडी भी**

किसी भी क्राइम सीन की पड़ताल के दौरान वहां फॉरेंसिक एक्सपर्ट की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। विशेषकर हत्या जैसे मामलों में फॉरेंसिक एक्सपर्ट का सहयोग आवश्यक होता है। पाठ्यक्रम में विभिन्न तरह की जांच शामिल है। लेकिन अब छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान किया जाएगा। छात्रों को केस स्टडी के माध्यम से बताया जाएगा कि किस तरह से क्राइम सीन से सबूत एकत्र किए जा सकते हैं। कौन से केस में फॉरेंसिक टीम की मदद से ▶▶|शेष पेज 4 पर






### मोबाइल से रोकने पर नाबालिग ने की खुदकुशी


**भदोही।** नाबालिग लड़की ने देर रात तक मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से कथित तौर पर रोकने और मां की डांट से नाराज होकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। भदोही के चौरी थानाक्षेत्र के अमवा खुर्द गांव में यह घटना उस सामने आई, जब अर्चना पटेल (17) के दादा मानिक लाल पटेल ने उसे पंखे से लटका हुआ पाया।

### महाराणा प्रताप के वंशज अरविंद का निधन

**जयपुर।** राजस्थान में मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य और एचआरएच होटल समूह के अध्यक्ष अरविंद सिंह मेवाड़ का उदयपुर में लंबी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। मेवाड़, राजा महाराणा प्रताप के वंशज थे और लंबे समय से बीमार थे। उदयपुर स्थित 'सिटी पैलेस' में मेवाड़ का इलाज किया जा रहा था।

### 55.5 लाख के पुराने नोट जब्त, चार गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में 55.5 लाख रुपये से अधिक मूल्य के पुराने और अमान्य नोटों को बदलने का प्रयास करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विश्वसनीय जानकारी के आधार पर पुलिस टीमों ने गिरोह को उस समय पकड़ा जब वे संभावित ग्राहकों से कमीशन के आधार पर अवैध रूप से 500 और 1000 रुपये के पुराने नोटों को वैध भारतीय मुद्रा से बदलने का प्रयास कर रहे थे।

चिंतन

# आतंकवाद की वैश्विक राजधानी पाकिस्तान

आज पाकिस्तान अपना बोया ही काट रहा है। आतंकवाद और बगावत की आग में झुलस रहा है। पाकिस्तान की नीति आतंकवाद को पालने-पोसने व अच्छे व बुरे आतंकवाद में फर्क रखने की रही है, नतीजा आज सामने है। एक तरफ जहां आतंकी गुट पाक फौज के लिए चुनौती बने हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान से अलग स्वायत्त क्षेत्र के लिए लड़ाई लड़ रहे विद्रोही गुट पाक सेना को आर-पार की चुनौती दे रहे हैं। एक सप्ताह में दूसरी बार है जब बलूच लिब्रेशन आर्मी (बीएलए) ने पाक फौज को निशाना बनाकर हमला किया है। बीएलए ने पहले ट्रेन को हाइजैक किया, उसके बाद अब आत्मघाती हमले से पाक सुरक्षा बलों पर हमला किया है। बीएलए पाक संघीय सरकार से आजादी की मांग कर रही है। इस वक्त पाकिस्तान में कई अलगाववादी गुट सक्रिय हैं, जिन्हें काबू करना पाकिस्तान सरकार व फौज के लिए भारी पड़ रहा है। जहां पाकिस्तान की आर्थिक हालत खस्ता है, वहीं देश के अंदर अनेक आतंकवादी, कट्टर इस्लामिक व अलगाववादी शक्तियां फन उठा रही हैं। पाक सरकार व पाक एस्टाब्लिशमेंट–फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई की फंक्शनिंग में भारी अंतर व समन्वय की कमी के चलते अलगावादी शक्तियों को अवसर मिल रहा है। बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा, मुल्तान, पीओके व सिंध क्षेत्र में पाक एस्टाब्लिशमेंट के प्रति असंतोष है। आज पाकिस्तान जिस भी स्थिति में है, इसके लिए वह आतंकवाद पर अपनी नीति के कारण है। ऐसा लग रहा है मानो अब पाकिस्तान के लिए राष्ट्र के रूप में एक रह पाना मुश्किल है, बांग्लादेश की तारीख को बलूचिस्तान दोहरा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी पोडकास्टर लैक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत में एक बार फिर से पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को आश्रय देने के नीतिगत पहलुओं को उजागर किया है। भारत ने हमेशा पाकिस्तान से शांति की राह पर चलने और आतंकवाद छोड़ने की अपील करता रहा है, लेकिन पाकिस्तान ने अपने आवाम की खुशी के खातिर भी कभी शांति की राह पर चलने का प्रयास नहीं किया है। आज दुनिया में कहीं पर भी आतंकवाद की घटना घटती है तो कहीं न कहीं पाकिस्तान कनेक्शन सामने आता है। अमेरिका में 9/11 की बड़ी घटना हुई। इसका मुख्य सूत्रधार ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में शरण लेकर बैठा था। अब दुनिया पहचान गई है कि पाकिस्तान दुनियाभर के लिए परेशानी का केंद्र बन चुका है। वह अपने पड़ोसी भारत व अफगानिस्तान के साथ हमेशा सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देता है। भारत ने पाक के आतंकवाद का डटकर मुकाबला किया है, पाक को चार बार भारत से जंग में करारी हार का सामना करना पड़ा है, इसके बाद भी सुधर नहीं रहा है। पाकिस्तान भारत से अलग ही इसलिए हुआ कि वह मुस्लिमों के लिए एक अलग राष्ट्र बनाएगा, लेकिन पाकिस्मानी हुकूमत ने शांति व विकास के बजाय पड़ोसियों से संघर्ष व प्रॉक्सी जंग का रास्ता चुना, खामियाजा समूची पाकिस्तानी जनता भुगत रही है। वह आतंकवाद की वैश्विक राजधानी बन कर रह गया है। अनेक घोषित ग्लोबल आतंकवादी इस वक्त भी पाकिस्तान में हैं। भारत का रुख साफ है, पहले पाकिस्तान आतंकवाद बंद करे, फिर नई दिल्ली इस्लामाबाद के साथ वार्ता करेगी। पाकिस्तान को अपने यहां से भारत विरोधी आतंकवाद को खत्म करना ही होगा। अभी संयुक्त राष्ट्र में भी पाक ने कश्मीर राग अलापा है, जिसका भारत ने करारा जवाब दिया। भारत पाक प्रायोजित आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।



विश्लेषण
विकेश कुमार बडोला

यह विधेयक सीमावर्ती देशों से भारत में अवैध ढंग से होने वाली घुसपैठ व अवैधानिक आप्रवास पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि अवैध आप्रवासन संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले व्यक्तियों को सात वर्ष तक का कारावास तथा दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतना होगा। भारत के हितों वाला कोई भी विधेयक संसद के पटल पर रखे जाते ही विपक्षी दलों व इनके नेताओं का अनावश्यक विरोध भी आरंभ हो जाता है। आप्रवासन संबंधी विधेयक पर भी ऐसा ही हुआ। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत अधिसंख्य विपक्षी सांसदों ने विरोधस्वरूप वक्तव्य दिया कि यह विधेयक शीघ्रता में लाया गया है।

# अवैध प्रवासन बिल का विरोध गलत

अंततः भारतीय शासन ने भी वर्तमान अमेरिकी शासन से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रेरणा प्राप्त कर संसद के वर्तमान सत्र में 'आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025' प्रस्तुत कर दिया है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह किसी के भारत आगमन को रोकने नहीं बल्कि यहां के नियमों के अंतर्गत यहां आने के अभ्यास को क्रियान्वित करने के लिए लाया गया है। मूलतः इस विधि-व्यवस्था द्वारा शासन यह सुनिश्चित करेगा कि भारत में अवैध प्रलेखों-प्रपत्रों के माध्यम से प्रवेश करने वाले व्यक्तियों का प्रवास समाप्त किया जाए और उन्हें वापस वहीं भेजा जाए जहां से वे आये हैं।

यह विधेयक पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, इत्यादि सीमावर्ती देशों से भारत में अवैध ढंग से होने वाली घुसपैठ व अवैधानिक आप्रवास पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि अवैध आप्रवासन संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले व्यक्तियों को सात वर्ष तक का कारावास तथा दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतना होगा। भारत के हितों वाला कोई भी विधेयक संसद के पटल पर रखे जाते ही विपक्षी दलों व इनके नेताओं का अनावश्यक विरोध भी आरंभ हो जाता है। आप्रवासन संबंधी विधेयक पर भी ऐसा ही हुआ। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत अधिसंख्य विपक्षी सांसदों ने विरोधस्वरूप वक्तव्य दिया कि यह विधेयक शीघ्रता में लाया गया है, इस पर भलीभांति विचार-विमर्श नहीं हुआ और पारित करने से पूर्व इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास अनुमोदन हेतु भेजा जाना चाहिए था। इस संदर्भ में विपक्षियों से प्रश्न है कि भारत हितैषी विधेयकों के पारित होने के बाद ही उनका विरोध मुखरित क्यों होता है। ऐसे विधान की प्रस्तावना से लेकर प्रक्रिया में निश्चित ही लंबा समय व्यतीत हुआ होगा। इस समयावधि में भी विपक्षी नेता अपनी आपत्तियां प्रकट कर सकते थे। विधान को कार्यकारी स्वरूप प्रदान करने वाले संबंधित मंत्रालय, मंत्री और कार्यकारी तंत्र के साथ समन्वय करके इसकी कमियों और निष्प्रभावी बिंदुओं की ओर ध्यानाकृष्ट करवा सकते थे। किंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि अवैध आबादी उनका बड़ा वोट है और इसीलिए उनका विरोध भारत के हित में संबंधित विधान के गुण-दोषों पर यथोचित चर्चा करने की तुलना में इस कारण देश में होनेवाली अवैध आबादी की गोलबंदी से अपने राजनीतिक हितों के चोटिल होने के प्रतिकार में ही हो रहा है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने अपनी-अपनी राजनीति का चाल-चरित्र मुस्लिम तुष्टिकरण तक सीमित कर दिया है। पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश और म्यामांर से घुसपैठ कर आए हुए कठमुल्लों की आबादी करोड़ों में पहुंच चुकी है। बंगाल में कठमुल्लों की अवैध घुसपैठ और आप्रवासन होते-होते एक-डेढ़ दशक से अधिक समय व्यतीत हो चुका है। इस समयावधि में राजनीतिक स्वार्थ साधने के मकसद से ऐसी आबादी केवल बंगाल तक ही सीमित नहीं रही। राजधानी दिल्ली सहित भारत के अनेक प्रांतों में भी अवैध बांग्लादेशियों और म्यांमारियों की बड़ी आबादी झुग्गी-बस्ती डालकर रह रही है। ऐसी जनसंख्या को वोट बैंक बनाने के लालच में अधिसंख्य भारतीय राजनीतिक दलों ने अपने मूलभूत राजनीतिक सिद्धांतों को खूंटी पर टांग दिया है। दुनिया में



ऐसी अवैध जनसंख्या के बलबूते अपनी-अपनी राजनीतिक स्थापनायें कर चुके व करते रहे अधिसंख्य देशों के शासन ने अपने संरक्षण में चलाये जा रहे एनजीओ के माध्यम से इस जनसंख्या का राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, न्यायिक और जनसंचारिक संरक्षण किया है। भारत भी इस प्रसंग पर कांग्रेस के शासन में अमेरिका और यूरोपीय देशों की भांति अवैध आबादी को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का दंश सह चुका है और जिस-जिस प्रदेश में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और हिंदुओं के वोटों की उपेक्षा करने वाले राजनीतिक दल विधायिकाओं में बहुमत के साथ उपस्थित हैं, आज वे संसद की राज्यसभा में अवैध घुसपैठ व आप्रवान के संदर्भ में पारित विधेयक का विरोध कर रहे हैं।

हालांकि विधेयक की संपूर्ण विषय-सामग्री को इसका पूर्ण अध्ययन करने पर ही जाना जा सकता है, किंतु लेखक केंद्रीय शासन से यह अवश्य पूछना चाहेगा कि जब विधेयक अवैध घुसपैठ, आप्रवासन और नागरिकता के संबंध में है तो फिर दोषियों को सात वर्ष का कारावास और दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतने का दंड पर्याप्त नहीं है। यदि विपक्ष इस बिंदु पर अपना विरोध प्रकट करता तो देश के मूल नागरिक उनके विरोधी स्वर का अनुसमर्थन करते। यदि किसी या किन्हीं व्यक्तियों को घुसपैठ, अवैध आप्रवासन या अवैध नागरिकता के आरोप के बाद पकड़ा जाता है तो दंड यह होना चाहिए कि उनके पास उपलब्ध उनकी समस्त चल-अचल संपत्तियों को शासन अपने पास रखे और उन्हें तत्काल ही देश से बाहर करे। इस संदर्भ में शासन के स्तर पर एक त्वरित कार्यबल या प्रकोष्ठ गठित हो, जो दोषी घुसपैठियों, आप्रवासियों, नागरिकों को पंद्रह दिनों या एक महीने में वापस वहीं उसी देश भेजने का प्रबंध करे, जहां से वे आये थे। करोड़ों की संख्या में अवैध पाये जाने वाले बांग्लादेशियों, म्यांमारियों या किसी अन्य पड़ोसी देश के घुसपैठियों को कारावास में रखना तो भारतीय हितों पर कुठाराघात ही होगा। यदि ऐसे व्यक्तियों के पास कोई चल-अचल संपत्ति नहीं मिलती और इन्हें शासकीय व्यय पर कारावास में पाला-पोषा जाता है, तो इससे अवैध आप्रवासन विधेयक की उपयोगिता समाप्त हो जाएगी। पंगु भारतीय न्याय व्यवस्था के अंतर्गत अवैध आप्रवासियों को कारावास देना अंततः भारतीय मूल नागरिकों द्वारा कर के रूप में शासन को दी जाने वाली धनराशि का अपव्यय ही सिद्ध होगा। यदि संबंधित विधेयक के पारित होने के बाद ऐसी समस्यायें उठ खड़ी होने की शंकाएं हैं तो स्वयं केंद्रीय शासन को विधेयक पर पुनर्विचार करके इस पर समयोचित संशोधन करना अनिवार्य होना चाहिए। यह विधेयक भारतीय गणतंत्र, शासन, मूल नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण करता हुआ तब ही प्रतीत होगा, जब इसके माध्यम से करोड़ों अवैध आप्रवासी बांग्लादेशियों, म्यांमारियों और अन्य देशों के वासियों को भारत से निकालकर वापस उनके देश में भेजा जाना सुनिश्चित हो। क्या इसके लिए केंद्रीय शासन तत्पर है? आप्रवासन की अवैध कुव्यवस्थाओं का चक्रव्यूह तोड़ पाने में वर्तमान केंद्रीय शासन कितना सफल होता है, यह तो आगामी दिनों में धरातल पर दिख ही जाएगा। इस ध्येय की सफलता हेतु शासन के सम्मुख प्रमुख चुनौती उन देशों को अपने नागरिकों को वापस लेने के लिए मनाने की होगी, जहां के करोड़ों व्यक्ति अवैध ढंग से भारत में रह रहे हैं। क्या केंद्रीय शासन रणनीतिक कुशलता के साथ यह राजनीतिक कर्म कर पाएगा? इस संदर्भ में बड़ी व व्यापक शंका ये है कि जब अपने ही देश के विपक्षी राजनीतिक दल व इनके नेता, अवैध आप्रवासन को रोकने हेतु पारित विधेयक की नीतियों का विरोध कर रहे हों तो फिर इन पर अवैध आप्रवासियों के मूल देशों की क्या प्रतिक्रिया होगी। क्या इस हेतु शासन की कोई पूर्वयोजना निर्धारित है?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

स्लिमनेस
सोनम लववंशी



# युवाओं में सवार पतला होने का पागलपन

एक 18 वर्षीय लड़की की मौत... वजह? उसने खाना छोड़ दिया था। सुनने में यह जितना अविश्वसनीय लगता है, हकीकत उससे कहीं ज्यादा भयावह है। केरल की श्रीनंदा, जो कभी खिलखिलाती जिंदगी जी रही थी, धीरे-धीरे खुद को खत्म करने लगी, मात्र इसलिए क्योंकि वह पतली दिखना चाहती थी। एनोरेक्सिया नर्वोसा, एक ऐसी बीमारी जिसमें व्यक्ति जरूरत से ज्यादा पतला होने की कोशिश में खुद को भूखा रखने लगता है, उसका जीवन लील गई। उसका वजन घटकर केवल 24 किलो रह गया था। क्या यह महज एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, या फिर एक बड़ी सामाजिक समस्या की भयावह तस्वीर? आज के दौर में सोशल मीडिया और यूट्यूब ने 'परफेक्ट बॉडी' के नाम पर युवाओं के दिमाग में एक ऐसा डर भर दिया है, जो धीरे-धीरे उन्हें भीतर से खत्म कर रहा है। हर जगह एक ही संदेश- 'पतले रहो, सुंदर दिखो, नहीं तो तुम स्वीकार किए जाने के योग्य नहीं हो!' यह कैसा समाज बना रहे हैं हम, जहां खूबसूरती के पैमाने इंसान की सेहत और जिंदगी से बड़े हो चुके हैं? श्रीनंदा की मौत अकेली नहीं है। हजारों किशोर और युवा इस मानसिकता की गिरफ्त में आ चुके हैं। शोध बताते हैं कि एनोरेक्सिया नर्वोसा से जूझने वालों में से 5 से 10 प्रतिशत की जान चली जाती है। यह कोई फैशन ट्रेंड नहीं, बल्कि एक गंभीर मानसिक बीमारी है, लेकिन इसे लेकर जागरुकता इतनी कम है कि जब तक स्थिति बिगड़ नहीं जाती, तब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया जाता। क्या हम अपनी आने वाली पीढ़ी को इसी तरह खोते रहेंगे? दरअसल, सोशल मीडिया, फिल्में, फैशन इंडस्ट्री, सब मिलकर एक आदर्श शरीर की परिभाषा बना रहे हैं, जिसमें 'स्लिमनेस' ही खूबसूरती और सफलता की पहचान है। लड़कियां खुद को बॉलीवुड की अभिनेत्रियों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से तुलना करने लगती हैं, जो हमेशा पतली, टोंड बॉडी में नजर आती हैं। उन्हें यह नहीं बताया जाता कि इन तस्वीरों के पीछे कड़ी मेहनत ही नहीं, बल्कि एडिटिंग, फिल्टर्स और कभी-कभी खतरनाक डायटिंग भी होती है। जब एक किशोरी दर्पण में खुद को देखती है और उन 'आदर्श' छवियों से तुलना करती है, तो वह खुद को कमतर महसूस करने लगती है। फिर शुरू होता है खाना छोड़ने, अत्यधिक व्यायाम करने और खुद को तकलीफ देने का खतरनाक सिलसिला। क्या इसके लिए केवल सोशल मीडिया ही जिम्मेदार है? नहीं। समाज में बचपन से ही बच्चों को शरीर को लेकर ताने सुनने पड़ते हैं, इतने मोटे मत बनो, पतले रहोगे तो अच्छे लगोगे। खासकर लड़कियों पर यह दबाव ज्यादा रहता है। परिवार, स्कूल, रिश्तेदार, हर कोई जाने-अनजाने ऐसी टिप्पणियां कर देता है, जो किसी के आत्मविश्वास को जड़ से हिला देती हैं। क्या किसी की सुंदरता को सिर्फ उसके वजन से मापा जाना चाहिए? डॉक्टरों के अनुसार, एनोरेक्सिया सिर्फ एक शारीरिक समस्या नहीं, बल्कि मानसिक बीमारी भी है। इसके शिकार लोग जरूरत से ज्यादा परफेक्शनिस्ट होते हैं, वे खुद को भूखा रखते हैं, शरीर में ऊर्जा की कमी होती है, अंग काम करना बंद कर देते हैं, और धीरे-धीरे वे मौत के करीब पहुंच जाते हैं। समस्या की जड़ तक जाना जरूरी है। सबसे पहले, हमें अपनी सोच बदलनी होगी। बॉडी पॉजिटिविटी को बढ़ावा देने की जरूरत है, जिससे हर व्यक्ति अपने शरीर को अपनाए, उसे प्यार करे, और अवास्तविक सौंदर्य मानकों के पीछे भागने के बजाय अपनी सेहत को प्राथमिकता दे। अभिभावकों की भी भूमिका अहम है। जब आपका बच्चा बार-बार अपना वजन तोलता है, खाने से बचता है, या अपने शरीर को लेकर असंतुष्ट दिखता है, तो यह सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि खतरे की घंटी हो सकती है। ऐसे में तुरंत उससे बात करें, उसे समझाएं कि असली खूबसूरती क्या होती है, और जरूरत पड़े तो मनोवैज्ञानिक मदद लेने से भी न हिचकिचाएं। मीडिया और विज्ञापन उद्योग को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। वे चाहें तो सौंदर्य के असली मायने बदल सकते हैं। फैशन इंडस्ट्री को भी समझना होगा कि हर शरीर खूबसूरत होता है और केवल पतलेपन को बढ़ावा देना खतरनाक हो सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अनरियलिस्टिक बॉडी इमेज को प्रमोट करने वाले कंटेंट पर सख्ती की जानी चाहिए। स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरुकता बढ़ानी चाहिए ताकि बच्चे अपनी सेहत को लेकर सतर्क रहें। अब समय आ गया है कि हम अपने बच्चों, अपने समाज और खुद को यह समझाएं कि असली खूबसूरती सिर्फ पतलेपन में नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर और खुशहाल मन में होती है? फैसला हमें करना है, कहीं बहुत देर न हो जाए।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सभी प्राणियों का मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत् एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

## लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलींः देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इंद्रियों को वश में कर सकते थे।

अंतर्मन




आज की पाती

### होली में सामाजिक गुस्सा और विभाजन

अब होली महज़ एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्योहार के दिन घर के अंदर ही रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्योहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्योहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को ख़त्म कर रही है। एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठे होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। अब वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। पहले की तरह का सद्भाव खत्म हो रहा है। *- मनोज जोशी, दुर्ग*

करंट अफेयर

## ट्रंप ने 18वीं सदी का कानून लागू किया, जज ने रोका

निर्वासन में तेजी लाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 18वीं सदी के एक कानून का इस्तेमाल किए जाने की घोषणा की लेकिन इसके कुछ ही घंटों बाद एक संघीय अदालत के न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को इसे लागू करने से रोक दिया। ट्रंप प्रशासन ने इस कानून का इस्तेमाल करते हुए कहा था कि वेनेजुएला का एक गिरोह अमेरिका पर आक्रमण कर रहा है और प्रशासन के पास उसके सदस्यों को देश से बाहर निकालने के लिए नयी शक्तियां हैं। कोलंबिया जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जेम्स ई बोसबर्ग ने कहा कि उन्हें अपना आदेश तत्काल जारी करने की आवश्यकता है क्योंकि सरकार प्रवासियों को पहले से ही एल साल्वाडोर और होंडुरास भेज रही है। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि ट्रंप की घोषणा के तहत इन प्रवासियों को नए सिरे से निर्वासित किया जा सकता है और उन्हें एल साल्वाडोर तथा होंडुरास में कैद किया जाएगा। अल साल्वाडोर ने इस सप्ताह 300 ऐसे प्रवासियों को स्वीकार करने पर सहमति दे दी जिन्हें ट्रंप प्रशासन ने गिरोह का सदस्य घोषित किया है। बोसबर्ग ने एसीएलयू और 'डेमोक्रेसी फॉरवर्ड' द्वारा दायर मामले की शनिवार शाम सुनवाई करते हुए कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं अब और इंतजार कर सकता हूं और मुझे कार्रवाई करनी होगी।''



ऑफ बीट

## रक्तदान से रक्त कैंसर होने का खतरा कम

रक्तदान को जिंदगी बचाने वाला कार्य माना जाता है लेकिन क्या रक्तदान करने से दाता को भी लाभ हो सकता है? लंदन में फ्रांसिस क्रिक इंस्टिट्यूट के नए शोध के अनुसार, बार-बार रक्तदान करने वाले लोगों में सूक्ष्म आनुवंशिक परिवर्तन हो सकते हैं जिससे रक्त कैंसर होने का जोखिम कम हो सकता है। इसके साथ ही अनेक प्रमाण हैं कि नियमित रक्तदान से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ हैं। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है रक्त बनाने वाली हमारी स्टेम कोशिकाओं में स्वाभाविक रूप से उत्परिवर्तन होते हैं, इस प्रक्रिया को 'क्लोनल हेमेटोपोइसिस' कहते हैं। इनमें से कुछ उत्परिवर्तन ल्यूकेमिया जैसी बीमारियों के जोखिम को बढ़ाते हैं। हालांकि, फ्रांसिस क्रिक इंस्टिट्यूट के नए अध्ययन ने बार-बार रक्तदान करने वालों में एक दिलचस्प अंतर की पहचान की है। अध्ययन में 60-70 वर्ष के स्वस्थ पुरुष दाताओं के दो समूहों की तुलना की गई। एक समूह ने 40 वर्षों तक साल में तीन बार रक्तदान किया था जबकि दूसरे ने कुल मिलाकर केवल पांच बार रक्तदान किया था। दोनों समूहों में आनुवंशिक उत्परिवर्तनों की संख्या समान थी लेकिन उनकी प्रकृति भिन्न थी।



ट्रेंड

### डिजिटल नवाचार

यह एक सराहनीय उपलब्धि है, जो शासन में नवाचार और दक्षता पर जोर देती है। डिजिटल नवाचार भारत के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बना रहा है, जिससे अनगिनत लोगों का जीवन सशक्त हो रहा है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### जनता के बहुमूल्य सुझाव

दिल्ली बजट 2025-26 के तहत हमारी सरकार लगातार जनता के बहुमूल्य सुझाव ले रही है। मैं भरोसा दिलाती हूँ कि डबल इंजन सरकार हर समस्या का समाधान करेगी। हम ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और समृद्धि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।


**- रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**



### सुख-समृद्धि की प्रार्थना

10 दिन की विपश्यना साधना के बाद परिवार सहित अमृतसर पहुंचा। श्री दरबार साहिब में माथा टेका और गुरु महाराज जी के चरणों में सबकी खुशहाली, सुख-समृद्धि और उन्नति की प्रार्थना की।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**



### सॉफ्ट पावर का उदय

यह एक सच्ची सॉफ्ट पावर का उदय है और भारत एक प्रभावशाली अर्थव्यवस्था के रूप में जो दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। भारत ने वेव्स शिखर सम्मेलन से पहले क्रिएटर्स इकोनॉमी के लिए 1 बिलियन डॉलर के फंड की घोषणा की

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# प्रदेश में बनेगा मीसाबंदी कानून, विधानसभा में लाएंगे छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक

## कोई सरकार आए, अब कानून नहीं बदलेगा, साय कैबिनेट ने अधिनियम को दी है मंजूरी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में जल्द ही मीसा बंदी कानून लागू होगा। खास बात ये है कि यह कानून बनाने के लिए राज्य की विष्णुदेव साय सरकार ने छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक भी तैयार किया है। इस विधेयक को पहले ही कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। अब विधानसभा में पेश करके अधिनियम को मंजूरी दिलाई जाएगी। यह कानून बन जाने के बाद राज्य के मीसा बंदियों को मिलने वाली सारी सुविधाएं समायोजित की जाएंगी, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण ये है कि एक बार ये कानून बन जाने के बाद सरकार बदलने पर भी इसे बदला नहीं जा सकेगा।

25 जून 1975 की आधी रात देशभर में एक अध्यादेश के बाद आपातकाल लगा दिया गया था। इस दौरान संविधान के अनुसार दिए गए नागरिक अधिकारों को निलंबित किया गया




था। बंदी प्रत्यक्षीकरण कानून समाप्त कर दिया गया, जिसके बाद गिरफ्तार व्यक्ति को अदालत में 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करने का नियम शिथिल हो गया। कांग्रेस शासित राज्यों के मीसा कानून में एक लाख सत्ता विरोधी जेल में डाल दिए गए। राज्य में भी उन दिनों कांग्रेस की सरकार थी। मीसा का पूरा विवरण बताया गया कि मेंटेनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट। इसमें की गई गिरफ्तारी को अदालत में चैलेंज भी नहीं किया जा सकता था। इस दौरान मीसा कानून के तहत बंदियों को मीसाबंदी कहा जाता है।

जानकार सूत्रों की मानें तो छत्तीसगढ़ में बनने वाला मीसाबंदी कानून, जिसे लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक के रूप में लाया जा रहा है, यह एमपी में बनाए गए कानून की तरह होगा। एमपी में वहां के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2008 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नाम से सम्मान निधि नियम बनाया था। इसी के तहत मीसाबंदियों को सम्मान निधि प्रदान की जाती है। वर्ष 2016 को शिवराज सरकार ने नियमों में संशोधन कर मीसाबंदियों को लोकतंत्र सेनानी का दर्जा दिया।

मीसा बंदियों को राज्य में पूर्ववर्ती रमन सरकार के कार्यकाल के दौरान सम्मान निधि दिए जाने का प्रावधान था, लेकिन 2018 में आई राज्य की कांग्रेस सरकार ने आते ही इस निधि को समाप्त करने का फैसला किया था। इसके बाद जब यह मामला हाईकोर्ट में गया तो वहां सरकार का फैसला पटल गया था। इसके बाद फिर सम्मान निधि बहाल हुई। उधर मप्र की बात करें तो वहां पहले ही शिवराज सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने मीसा बंदी कानून बना दिया था। लेकिन 2018 के चुनाव के बाद जब कांग्रेस की कमलनाथ सरकार आई तो उसने भी इस पर रोक लगा थी, लेकिन जब मामला हाईकोर्ट में गया तो वहां भी सरकार को अपना फैसला बदलना पड़ा था।

### अब कोई नहीं बदल सकेगा फैसला

मीसाबंदी कानून बन जाने के बाद राज्य में किसी की भी सरकार आए, इस कानून को नहीं बदला जा सकेगा। इस संबंध में लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने का कहना है कि हमने नया अधिनियम बनाने के लिए सरकार को एमपी के कानून का प्रारुप दिया है। काफी लंबे समय से इस कानून के बनने का इंतजार किया जा रहा था, लेकिन मामला लंबित था। अब सरकार इस दिशा में जो कदम उठा रही है, वह स्वागतेय है।

# साव बोले- भूपेश-कांग्रेस ने ओबीसी के बीच भ्रम फैलाया और भड़काया

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में ओबीसी आरक्षण को लेकर सियासत तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डिप्टी सीएम अरुण साव पर निशाना साधते हुए कहा, वे ओबीसी आरक्षण को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। जिस पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, राज्य में अनारक्षित 13 जिला पंचायतों में से 12 के चुनाव संपन्न हुए हैं। इन 12 जिला पंचायतों में 9 ओबीसी अध्यक्ष बने हैं। साथ ही 12 जिला पंचायतों में 8 उपाध्यक्ष भी ओबीसी वर्ग से हैं। उन्होंने कहा, सरकार की प्रतिबद्धता रही कि ओबीसी को सम्मान मिले। साय सरकार ने जो कहा, वह कर दिखाया है। अब डिप्टी सीएम अरुण साव ने भूपेश बघेल को माफी मांगने की बात कही है, तो वहीं भूपेश बघेल कह रहे हैं, डिप्टी सीएम अरुण साव माफी मांगें।

- 13 अनारक्षित सीटों पर ओबीसी वर्ग को सबसे ज्यादा मौका, ओबीसी आरक्षण पर सियासत



छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के बाद भाजपा ने जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भी कब्जा जमा लिया है। छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से 31 जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव हो गया है। 33 में से 20 जिला पंचायत अनुसूचित जनजाति और जाति के लिए आरक्षित हैं तो वहीं बची हुई 13 अनारक्षित जिला पंचायतों में 12 पर चुनाव हो गए हैं, जिस पर 9 जिला पंचायतों में भाजपा ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ओबीसी वर्ग को बनाया है। जबकि अभी अनारक्षित में रायपुर और आरक्षित में सुकमा में चुनाव होना बाकी है। जबकि इससे पहले कांग्रेस और पूर्व सीएम भूपेश बघेल जिला पंचायत आरक्षण प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए अध्यक्ष बनने के लिए ओबीसी के तरसने तक की बात कह दी थी।

### ओबीसी वर्ग से माफी मांगें भूपेश

इसी बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, भूपेश बघेल ओबीसी वर्ग से माफी मांगें। भाजपा सरकार में 9 जिला पंचायत अध्यक्ष ओबीसी वर्ग से बने हैं। कांग्रेस सरकार में ओबीसी के साथ अन्याय हुआ था। भूपेश के मुंह से ओबीसी हित की बात शोभा नहीं देती। भूपेश बघेल और कांग्रेस ने ओबीसी के बीच भ्रम फैलाया और भड़काने का काम किया।

# प्रदेश में विष्णुदेव नाम के मुख्यमंत्री काम कर रही अदृश्य शक्ति : बघेल

**अंबिकापुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार पर निशाना साधा है। पूर्व सीएम श्री बघेल ने कहा है कि विष्णुदेव साय नाम मात्र के मुख्यमंत्री हैं और प्रदेश में एक अदृश्य शक्ति काम कर रही है। यह वही अदृश्य शक्ति है जिसने उनके शपथ ग्रहण के पूर्व हसदेव के जंगलों को कटवाया था। यह वही अदृश्य शक्ति है जिसने शराब फैक्ट्री के ट्रक को छोड़ दिया। निरस्त लाइसेंस फिर से जारी करवा दिया।



- पूर्व सीएम ने प्रदेश सरकार और सीएम पर साधा निशाना

पूर्व सीएम श्री बघेल रविवार की शाम सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह क्षेत्र कुनकुरी नगर पंचायत में कांग्रेस अध्यक्ष पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे श्री बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से असफल है। नगर निकाय चुनाव को लेकर कहा कि यह सच है कि चुनाव परिणाम संतोषप्रद नहीं रहा लेकिन चुनाव में सत्ता शासन का दुरुपयोग किया गया और अधिकारी कर्मचारियों पर दबाव डाला गया। मतदाताओं को धमकी दी गई कि यदि भाजपा को वोट नहीं दोगे तो महतारी वन्दन का पैसा नहीं मिलेगा।हमारे घर में पैसा मिला है, हम खेती किसानी वाले लोग हैं। परिवार में दो ढाई सौ एकड़ जमीन है। 12 मासी खेती होती रहती है तो उतना पैसा मिलेगा ही। प्रदेश अध्यक्ष के सवाल पर कहा कि यह विषय हाईकमान का है। इसपर ना ही मै और ना ही प्रदेश का कोई लीडर निर्णय ले सकता है। नियुक्ति हाईकमान से होनी है और जिसको जिम्मेदारी मिलेगी उसके नेतृत्व में सभी काम करेंगे।

### पावर प्रोजेक्ट से पर्यावरण को खतरा

श्री बघेल ने कहा कि 30 तारीख को प्रधानमंत्री पवार प्लांट के स्थापना के सिलसिले में छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहे हैं। इस पवार प्रोजेक्ट को उन्होंने छत्तीसगढ़ के किसानों और यहाँ के पर्यावरण पर गंभीर खतरा बताया है। उन्होंने कहा है कि इन प्रोजेक्ट के लिए कोयले की जरूरत होगी, जिसके लिए प्रदेश के वनभूमि से पेड़ों की कटाई कर जंगलों को उजड़ जाएगा। किसानों के हिस्से का पानी इन पवार प्लांट को दिया जायेगा। प्रदेश के तापमान में वृद्धि होगी।

### आपस में भिड़े कार्यकर्ता

रविवार को पूर्व सीएम के आगमन के दौरान शहर में एक बार फिर से कांग्रेस की गुटबाजी नजर आई। पूर्व सीएम के स्वागत के दौरान एक ही गुट के लोग आपस में भिड गये। गांधी चौक पर पूर्व सीएम श्री बघेल के आगमन के ठीक पहले युवा कार्यकर्ताओं में मारपीट शुरू हो गई। गांधी चौक पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे पर जमकर लात जूते चलाए। इस दौरान लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया।अब इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो गया है।

# बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों का धरना, अजजा शासकीय सेवक विकास संघ ने किया अनशन

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों ने समायोजन की मांग को लेकर रविवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। परिवार के साथ धरनास्थल पर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे प्रदेशभर के प्रभावित सहायक शिक्षकों ने इस बार धरनास्थल पर ही परिवार के साथ होली मनाई। वहीं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के आव्हान पर 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने धरनास्थल पर अनशन किया।

छत्तीसगढ़ के 2897 बर्खास्त बीएड प्रशिक्षिक सहायक शिक्षकों ने नौकरी की सेवा सुरक्षा की मांग करते हुए तूता में धरना दिया। प्रभावित सहायक शिक्षकों ने नौकरी बचाओ संघर्ष के तहत धरनास्थल पर आंदोलन जारी रखा है। उनका कहना है, जब तक उनका समायोजन नहीं हो जाता, धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। होली त्योहार के दिन भी धरनास्थल से बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने रैली

## परिवार के साथ धरनास्थल पर ही मनाया होली का त्योहार



निकालकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया। हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शनकारी बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की नौकरी में सेवा सुरक्षा की मांग करते रहे।

### ये हैं 9 सूत्रीय मांगें

सिर पर पीली पगड़ी और पीले रंग का ध्वज हाथ में लेकर छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के आव्हान पर पदोन्नति में आरक्षण की बहाली सहित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों-अधिकारियों ने नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव, महासचिव एनआर चंद्रवंशी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष ललित मोहन भगत ने संयुक्त रूप से बताया कि नियमानुसार पदोन्नति में आरक्षण नहीं दिया जा रहा है। हमारी मांग है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश एवं प्रावधानों के पालन के बिना कोई भी पदोन्नति आदेश जारी नहीं किया जाए। नियम विरुद्ध पदोन्नति की कार्यवाही को तत्काल निरस्त किया जाए और पूर्व की तरह पदोन्नति में आरक्षण तत्काल प्रारंभ किया जाए। अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति के लिए 2.50 लाख रुपए की आय सीमा निर्धारित की गई है, जिसके कारण इस वर्ग के विद्यार्थी अर्थ अभाव के कारण आगे की पढ़ाई से वंचित हो रहे हैं, इसलिए आय सीमा की बाध्यता समाप्त की जाए। आदिवासी बाहुल्य जिले के सभी विभागों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के पद रिक्त हैं, जिसमें आज तक भर्ती नहीं हो पाई है, प्रदेश शासन संविदा और आउटसोर्सिंग के माध्यम से काम चला रही है। विशेष भर्ती अभियान चलाकर इन रिक्त पदों को भरा जाए। साथ ही छत्तीसगढ़ में बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को प्रतिपूर्ति के रूप में सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के रिक्त पदों पर समायोजित किया जाए। अनुसूचित जाति शासकीय सेवक विकास संघ ने धरनास्थल से लंबित मांगों को लेकर रैली निकाली और अनशन किया।






16- MAR- K&C- MAIN- Pg- 8 CLASSI-SEHS-R-D_Layout 1 3/17/2025 12:58 AM Page 1



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पाक सेना पर...

समेत चार आतंकवादी मारे गए। इसने सुरक्षा सूत्रों के हवाले से यह भी कहा कि यह हमला प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के विद्रोहियों द्वारा किया गया था। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृह मंत्री मोहसिन नकवी और बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने हमले की निंदा की और जानमाल का नुकसान होने पर दुख जताया। शरीफ ने एक बयान में कहा, ऐसी कायरतापूर्ण हरकतें आतंकवाद के खिलाफ हमारे संकल्प को डिगा नहीं सकतीं। बुगती ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, 'बलूचिस्तान की शांति के साथ खिलवाड़ करने वालों का दुखदायी अंत होगा। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने भी 'निर्दोष लोगों को निशाना बनाकर' किए गए हमले की निंदा की। इसी प्रांत में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के विद्रोहियों ने 11 मार्च को गुडलार और पीरू कुनरी के पहाड़ी इलाकों के पास 440 यात्रियों को लेकर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर घात लगाकर हमला किया था। सेना द्वारा 12 मार्च को सभी 33 आतंकवादियों को मार गिराने से पहले आतंकवादियों ने 21 यात्रियों और अर्धसैनिक बलों के चार जवानों को मार डाला था।

**पिछले हफ्ते किया था ट्रेन हाईजैक-**

एक सप्ताह के भीतर बलूच विद्रोहियों का ये दूसरा बड़ा हमला है। इसके पहले मंगलवार को बीएलए ने क्वेटा से पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस ट्रेन हाईजैक कर लिया था। ट्रेन में 450 से ज्यादा यात्री सवार थे। ट्रेन पर कब्जा करने के बाद बीएलए ने बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को जाने दिया था।

### दो बाइक की...

गति काफी तेज थी। शुरुआती जांच में दुर्घटना का मुख्य कारण ओवर स्पीड और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना बताया जा रहा है। जिले की सोनहत पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार हादसे में अमित कुमार प्रजापति पिता सज्जन कुमार उम्र 24 वर्ष निवासी कछार का रहने वाला था, जिसका इलाज के दौरान जिला चिकित्सालय में मौत हो गई। वहीं कृष्ण कुमार यादव पिता शिव नारायण यादव उम्र 32 वर्ष निवासी कछार का रहने वाला था, जिसे अंबिकापुर ले जाते समय विश्रामपुर में मौत हो गई। रोहित चौधरी पिता ललित चौधरी उम्र 20 वर्ष, निवासी मधला का रहने वाला था, जिसे जिला अस्पताल में उपचार के दौरान के दौरान मौत हो गई। वहीं राहुल पनिका पिता सरोज पनिका उम्र 23 वर्ष निवासी घुघरा को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। वहीं हादसे में एक अन्य युवक को गंभीर चोटे आई है, जिसका उपचार जारी है।

**तेज गति और लापरवाही बनी हादसे की वजह-**

शनिवार की देर शाम सोनहत ब्लॉक के कटगोड़ी में दो बाइकों के बीच भीषण टक्कर में चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के कारण घटित हुई है।

**शोक में भाजपा का होली मिलन रद्द-**

दर्दनाक हादसे को देखते हुए 16 मार्च को बैकुंठपुर के मानस भवन में भाजपा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को रद्द कर दिया गया। क्षेत्रीय विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने देर रात सोशल मीडिया के माध्यम से इस निर्णय की जानकारी दी और हादसे में मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। वहीं विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया देवेन्द्र तिवारी, पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए हादसे पर गहरा दुःख जताया है।

### परिजन का रो-...

स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।

### शराब दुकानें किसी...

ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि मदिरा विहीन क्षेत्रों में अवैध मदिरा की बिक्री पर नियंत्रण लग सके। साथ ही मदिरा दुकानों के स्थानांतरण की स्थिति में राजस्व हित में जरूरत के मुताबिक दुकान के स्वरूप को बदलने की अनुमति भी होगी। संबंधित जिला कलेक्टर के प्रस्ताव पर आबकारी आयुक्त के माध्यम से राज्य शासन की अनुमति प्राप्त करने के बाद मदिरा दुकान संचालन की अनुमति होगी।

### 10 प्रतिशत शराब...

संबंधी प्रस्ताव आवश्यक जांच के बाद आबकारी आयुक्त को भेजे जाएंगे। जिस पर राज्य शासन के निर्णय के बाद नई शराब दुकानें खोली जा सकेंगी।

### प्रीमियम दुकानें भी...

ऐसी दुकानें, जहां देशी और विदेशी शराब एक साथ बिकती है, उन्हें कम्पोजिट दुकान कहा जाता है। इनकी संख्या पिछले साल जितनी ही रहेगी।

### पीएम मोदी बोले-...

अनगिनत जिंदगियां बर्बाद हो रही हैं। कोई भी सामान्य नागरिक ऐसा माहौल नहीं चाहता। 2014 में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) के सभी नेताओं को बुलाने का फैसला भारत की मजबूत कूटनीति का प्रमाण था। इस लेकर पीएम मोदी ने कहा, 'हमारे तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने भी इसे ऐतिहासिक क्षण बताया था। इससे दुनिया को भारत की शांति और सौहार्द के प्रति प्रतिबद्धता का स्पष्ट संदेश मिला।' लेकिन पाकिस्तान से सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली।

### पीएम मोदी 30 को...

चुनाव के समय भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन पर आए थे। इसके साथ ही वे तीसरी बार बिलासपुर आने वाले पहले प्रधानमंत्री होंगे। हालांकि एक बार वे गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए भी बिलासपुर आ चुके हैं।

जिला प्रशासन के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को बिल्हा से लगे ग्राम मोहभट्ठा में सभा लेंगे। पीएम मोदी के कार्यक्रम को जोर शोर से तैयारी चल रही है। पहले चरण के तहत पार्किंग, एप्रोच रोड और मैदान समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है। 55 एकड़ निजी जमीन पर होने जा रहे कार्यक्रम के मद्देनजर मैदान समतलीकरण का काम पूरा हो चुका है, जबकि सात में पांच पार्किंग का काम चल रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वाहन आएंगे, इनके लिए 7 बड़ी पार्किंग बनाई जा रही है तो अलग से हैलीपेड बन रहा है। कार्यक्रम स्थल तक पीएम मोदी के कारकेट के लिए एप्रोच रोड भी तैयार किया जा रहा है। एप्रोच रोड बनाने का काम पीएमजीएसवाई को सौंपा गया है। सभा स्थल के पास तीन हेलीपैड बनाए जाएंगे जिसके लिए स्थल चयन कर लिया गया है। स्टेज और सीएम के भाषण देने की जगह भी प्रारंभिक रूप से तय कर ली गई है, हालांकि एसपीजी के आने के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। जिला प्रशासन और भाजपा नेताओं द्वारा तैयार किए गए मैप में एसपीजी की टीम संशोधन कर सकती है। बिजली आपूर्ति बाधित न हो इसलिए बिजली विभाग द्वारा फीडर लगाया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी लगातार तैयारियों पर नजर बनाए हुए हैं।

**सभा में 2 लाख की भीड़ जुटाने की तैयारी-**

कार्यक्रम की कमान संभाल रहे डिप्टी सीएम अरूण साव के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में 2 लाख की भीड़ जुटाने की तैयारी है। वहीं सीएम, वीआईपी सहित प्रदेश के सभी बड़े अफसर कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। भाजपा में विधानसभा स्तर पर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है और शहर से लेकर गांव तक अधिकतम भीड़ जुटाने के निर्देश दिए गए हैं। यही वजह है कि भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी तैयारी में पूरी तरह जुटे हुए हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सभा स्थल के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है।

**शिलान्यास एवं लोकार्पण-**

**नेशनल हाइवे का शिलान्यास-**

पेंड्रीडीह मोड़ से रायगढ़ मार्ग,पेंड्रीहडीह मोड़ से कोरबा- अंबिकापुर मार्ग

रेलवे की चौथी लाइन का भूमिपूजन, नवीन अंडर बृज का शिलान्यास

अमृत काल में नए स्टेशन का शिलान्यास जिसमें बिल्हा सहित 25 नवीन स्टेशन शामिल हैं

कार्यक्रम स्थल के समीप नेशनल हाइवे पर एप्रोज रोड का उद्घाटन

श्रम विभाग से 100 बिस्तर का नवीन हॉस्पिटल का शिलान्यास जो बिल्हा के ग्राम रहँगी में निर्माण किया जाएगा

### सीएम सहित भाजपा...

दौरान विधायक धरमलाल कौशिक, धरमजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, आइजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस के आला अफसर मौजूद थे। उन्होंने मैदान के हर कोने का भ्रमण कर मैदान का सूक्ष्म निरीक्षण किया। डीएफओ सत्यदेव शर्मा, नगर निगम आयुक्त एवं आयोजन के नोडल अधिकारी अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ एवं सहायक नोडल अधिकारी संदीप अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल उपस्थित थे।

### कैसे करें क्राइम...

बल्कि अन्य कई विभागों के लिए भी रविवि इस तरह की व्यवस्था कर रहा है। इसके लिए विभाग प्रमुखों से ही सुझाव मंगाए जाते हैं। उनके द्वारा पेश किए गए सुझाव के आधार पर नामों पर विचार करने पश्चात कार्यपरिषद से मंजूरी दी जाती है। रविवि प्रबंधन का मानना है कि इससे छात्रों के स्किल में वृद्धि होगी और पढ़ाई के बाद फील्ड में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

**जरूरी नहीं है शैक्षणिक योग्यता-**

इस विशेष योजना के अंतर्गत विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में सेवाएं प्रदान करने प्रोफेसर के समकक्ष शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य नहीं है। संबंधित फील्ड के जानकार और अनुभवी व्यक्तियों को इसके लिए बुलाया जा सकता है, जो छात्रों को जानकारी प्रदान कर सकें। मौजूदा शैक्षणिक सत्र से ही रविवि द्वारा यह योजना प्रारंभ की गई है। फिलहाल यह केवल रविवि अध्ययनशाला के विद्यार्थियों के लिए है। छात्रों का स्किल बढ़ाकर उनका प्लेसमेंट बेहतर करने की भी कोशिश इसके माध्यम से की जा रही है।

### केस स्टडी भी...

आरोपी तक पहुंचने में मदद मिली, किस तरह की चुनौतियां इस दौरान आती हैं, इन सभी के बारे में विस्तार से छात्रों को बताया जाएगा।

# होली में अकेले रायपुर में पियक्कड़ों ने गटकी 60 करोड़ की शराब, 150 करोड़ का चिकन भी चट कर गए लोग

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

इस बार होली पर्व के दौरान मांसाहार के शौकीन पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा चिकन-मटन और मछली चट कर गए। इसी तरह पियक्कड़ 60 करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब गटक गए। इस वर्ष होली पर चिकन, मटन की बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में 20 से 25 प्रतिशत ज्यादा हुई। आबकारी विभाग के अफसरों के अनुसार, होली पर्व के आसपास शराब की बिक्री 15 से 20 प्रतिशत ज्यादा होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए आबकारी विभाग ने बेवरेज कॉर्पोरेशन के माध्यम से चार सौ करोड़ रुपए के अंग्रेजी शराब के साथ सौ से सवा सौ करोड़ रुपए के



बीच देशी शराब का स्टॉक पहले से मंगाकर रख लिया था। आबकारी विभाग के अफसरों को रायपुर में 60 करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब बिक्री होने का अनुमान था, इसलिए सभी शराब दुकानों पर होली के तीन दिन पूर्व सभी ब्रांड की शराब पर्याप्त मात्रा में स्टोरेज कराकर रखवा दी थी।

### भ्रम के चलते शराब दुकानों पर उमड़ी भीड़

होली के एक दिन पूर्व गुरुवार को शाम 5 बजे शराब दुकान बंद होने को लेकर शौकीनों में भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। इस वजह से शराब दुकान खुलने के साथ ही इसे खरीदने सुबह से भीड़ जमा होने लगी थी। शाम 5 बजे के बाद अपने निर्धारित समय तक शराब दुकानें खुली रहीं। बावजूद इसके शराब दुकानों पर शराब खरीदने वालों का तांता लगा रहा।

### मीडियम रेंज की शराब का टोटा

होली के अवसर पर मीडियम रेंज की शराब की बिक्री की मांग ज्यादा रही। इसके चलते शहर की ज्यादातर शराब दुकानों पर दोपहर 12 बजे के बाद मीडियम शराब का स्टॉक खत्म हो गया। मीडियम रेंज की शराब खत्म होने के बाद भी लोग महंगे ब्रांड की शराब खरीदने दुकानों में पहुंचते रहे।

### चिकन-मटन की दुकानों पर लंबी कतार

होली के दिन नॉनवेज के शौकीनों की चिकन मटन खरीदने दुकानों में लंबी कतार लगी रही। लोग लाइन में लगकर चिकन-मटन खरीदते नजर आए। छत्तीसगढ़ ब्रिडर हेचरी एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय ब्राम्हणकर के अनुसार, होली के दिन रायपुर में पांच लाख ब्रायलर चिकन की बिक्री हुई। साथ ही पूरे प्रदेश में एक दिन में साढ़े पांच हजार टन चिकन की बिक्री हुई। इसी तरह 15 करोड़ रुपए के करीब मटन तथा 60 करोड़ रुपए के करीब मछली की बिक्री हुई।

### इसलिए चिकन की मांग ज्यादा

हेचरी एसोसिएशन के अध्यक्ष के मुताबिक, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष चिकन का रेट कम था। पिछले वर्ष चिकन प्रति किलो दो से सवा दो सौ रुपए था। इस वर्ष चिकन डेढ़ सौ से पौने दो सौ रुपए किलो तक बिका। इस वजह से भी चिकन की बिक्री में इजाफा हुआ।

# 35 हजार बकायादारों की बिजली कट, 25 करोड़ की वसूली

**रायपुर।** प्रदेशभर में बकायादारों पर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने कड़ाई शुरू कर दी है। प्रदेश के 35 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं का बकाया बिल जमा न करने के कारण बिजली कट कर दी गई। इसका नतीजा ये हुआ कि करीब 30 हजार बकायादारों ने तत्काल भुगतान कर दिया और अपने कनेक्शन वापस जुड़वा लिए। इससे पॉवर कंपनी को 25 करोड़ से ज्यादा का बकाया मिल गया है। हालांकि यह बकाया ऊंट के मुंह में जीरे जैसा है। आम उपभोक्ताओं पर हजार करोड़ से ज्यादा का बिल बकाया है। वहीं प्रदेश के सरकारी विभागों पर तो ढाई हजार करोड़ रुपए बकाया हैं। सरकारी विभागों की बिजली कभी भी बिल जमा न करने पर कट नहीं की जाती है।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी सुखौना टेबलेट 20 वर्षों से प्रसिद्ध HMS देखकर खरीदें 94060-21769

घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों ओर सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

epaper- www.haribhoomi.com

हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** फेब्रिकेशन कार्य हेतु वेल्डर- 4, फिटर- 4, हेल्पर- 20 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- वक्रांगी मेटल एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड तिल्दा नेवरा 8319402352, 9479289740 (37086)

**आवश्यकता है-** अंकुर डेली नीड्स में काम करने हेतु अनुभवी लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अंकुर डेली नीड्स भाटिया पेट्रोल पम्प के पास महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 8085813131 (37090)

**आवश्यकता है-** बुजुर्ग सेवा (केयर टेकर) के लिए स्टाफ 2 महिला एवं 3 पुरुष की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 15000 प्रतिमाह रहेगा। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 9244664654, 91095 11248 (37091)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु 2 लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीईश ट्रेडर्स, सुरुचि होटल के बगल में, पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर 9826744475, 9131112769 (37088)

**आवश्यकता है-** पेमेंट रिकवरी फील्ड वर्क, कम्प्यूटर ऑपरेटर बिजी सॉफ्टवेयर, GST एकाउन्टेंट कोटेशन के अनुभवी लड़के/ लड़की, रिकवरी पेमेंट वसूली हेतु लड़के की। सम्पर्क करें- गुरुद्वारा के बाजू गोड़पारा, बिलासपुर 9669211111, 9827175811 (37092)

**आवश्यकता है** आया बाई (हॉस्पिटल एवं घरेलु कार्य हेतु) नर्सिंग स्टॉफ काउंटर स्टाफ अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल मगरपारा रोड, बिलासपुर संपर्क करें:- सुबह 11 से 01 बजे तक 07752-226296, 402543

**आवश्यकता है-** बिजली दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- कुसुम इलेक्ट्रीकल्स मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9827107799 9827961245 (37087)

**आवश्यकता है-** सकरी स्थित नर्सिंग कॉलेज में रिसेप्शनिस्ट कार्य करने हेतु अनुभवी कम्प्यूटर के जानकार स्मार्ट युवती/ महिला की अतिशीघ्र आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9993582707, 8349446691 (37083)

**आवश्यकता है-** Louis Philippe शोरूम लिंक रोड बिलासपुर में कार्य करने हेतु सेल्सबॉय/ सेल्सगर्ल की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। रेडीमेड दुकान में पहले कार्य करने वालों को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9841397000 (37080)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु फुलटाइम एकाउंटेंट की आवश्यकता है जिसे Tally Prime/ Busy में काम करना आता हो। सम्पर्क करें- अविनाश मोदी, पी-2, संजय अपार्टमेंट, व्यापर विहार रोड, बिलासपुर 9179991222 (37082)

**आवश्यकता है-**बुजुर्ग महिला की देखभाल करने के लिए महिला नर्सिंग स्टॉफ की आवश्यकता है केवल अनुभवी महिला सम्पर्क करें- 70008 67969 (37077)

**आवश्यकता है-**दयालबन्द स्थित प्रतिष्ठित किताब दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- विवेक बुक डिपो गुरूद्वारा के सामने मेन रोड दयालबंद बिलासपुर 98933 78899 (37078)

**आवश्यकता है-**चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों, लेबर कार्य हेतु पुरुष एवं ड्राइवर की जरूरत है। सम्पर्क करें-SBI एटीएम के सामने आकृति विहार अम्ली डीह रायपुर 7469980000, 07714075490 (7053)

**आवश्यकता है-**होलसेल खिलोना दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़को की आवश्यकता है जिसे खिलोना दुकान मे काम करने, कार्टून पैकिंग का अनुभव हो सम्पर्क करें-तेलीपारा बिलासपुर 7711006641, 9753330000 (36813)

**आवश्यकता है-**फैक्ट्री होटल हेतु सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड, लेडीगार्ड, मार्केटिंग अधिकारी योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर गार्ड ऊंचाई 5'7" वेतन 12000 से 15000 सम्पर्क-Alert SGS Private Limited, 434, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर 77460 00016, 8720005500 (3160)

**आवश्यकता है-**Fraud Call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के, लड़कियां, गृहणियां कमाए 15000 से 45000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें- 7294938408 (721)

**आवश्यकता है-**सीमेंट मार्केटिंग एवं बिजनेस बढ़ाने हेतु अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है न्यूनतम अनुभव 3वर्ष, आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार। शीघ्र सम्पर्क करें- मीनाक्षी सेल्स, पुराना हाईकोर्ट के सामने, बिलासपुर 9754002100 (36865)

**आवश्यकता है-**नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 7439736348 (704)

**आवश्यकता है-** मेट्रोमोनी में कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की युवतियां महिलाएं चाहिए सैलरी- 5000 से 20000 कमाने का अवसर, सम्पर्क करें- पत्रकार कॉलोनी आरबी हॉस्पीटल के पास बिलासपुर 6268331784, 7987392821 (3364)

**आवश्यकता है-** बैग सिलाई, कटिंग, प्रिंटिंग करने हेतु लड़के लड़कियां एवं फुल डे घर के काम के लिए महिला चाहिए सम्पर्क करें- क्रिएटिव बैग श्रीराम न्यू क्लॉथ मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 7999687407 (3365)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

## बेचना है

**बेचना है-**उसलापुर गोकुल धाम बिलासपुर में नवनिर्मित 2- बीएचके मकान 20x40, 800 sqft का मकान बेचना है। रेट 25 लाख संपर्क करें:- अमन श्रीवास 9301107148, 8827924148 (3363)

**बेचना है-** कमर्शियल प्लाट बेचना है आवासीय प्लाट की कीमत में कमर्शियल प्लाट अशोक नगर ड्रीम्स रेसीडेंसी कॉलोनी के आगे 85 फिट फ्रंट में 13952 वर्गफिट डायवर्टेड प्लाट पूरा या आधा बेचना है। हॉस्पिटल, हॉटल हॉस्टल, कॉम्प्लेक्स के लिए उपयुक्त, अभी रजिस्ट्री कराने पर रजिस्ट्री खर्च फ्री सम्पर्क करें- 9300878897 (3360)

**बेचना है-**ओम नगर, जरहा भाठा जेपी वर्मा कालेज के पीछे मेन रोड पर 3000 वर्गफुट में बना 4BHK स्वतंत्र मकान खुली जमीन के साथ बेचना है। सम्पर्क करें- 7899855111, 7024058735 (37060)

**बेचना है-**टिकरापारा मन्नू चौक स्थित वैशाली वैलेन्सिया में 4th फ्लोर 3BHK फ्लैट नम्बर 405, बिल्टअप एरिया- 101.68 वर्गमीटर पूरा इंटीरियर किया हुआ फ्लैट बेचना है। सम्पर्क करें- 8377001716, 9643808995 (37068)

**बेचना है-**बिलासपुर में गोकुल धाम में सर्व सुविधा युक्त 2BHK, 25×40= 1000 वर्ग फीट में बना हुआ नव निर्मित मकान 28 लाख रुपए में बेचना है मो. 9340252857 (36988)

**बेचना है-**बिलासपुर उसलापुर साईं आनन्दम मैरिज हॉल के पास साइज 800 एवं 2000 वर्ग फिट प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 8461997770, 97551 73102 (3359)

## किराया

**किराया-** 10×10 फीट की मेन रोड मसानगंज बिलासपुर में एक दुकान किराए से देना है (आकाश स्टोर के ठीक सामने, नटराज वीडियोज के बगल में) सम्पर्क करें- 9755268998 (37085)

**किराया-**VR Plaza Link Road में First Floor में 250 वर्गफुट शानदार आफिस किराये से देना है सम्पर्क करें- 7412933333 (36987)

## किराया से चाहिए

**किराये से चाहिए -** परसदा, सृष्टि कॉलोनी, सकरी, उसलापुर, कोटा रोड में 8-10 कमरों वाला मकान या एक साथ 3-4 फ्लैट एवं 40 सीटर बस अतिशीघ्र किराए से चाहिए सम्पर्क करें- 83494 46691, 9993575707 (37084)

## व्यापार

**व्यापार-**अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं 30000 से 50000 प्रति माह कमाएं आटो मेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल डिस्पोजल बनायें कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट सम्पर्क करें-APS इंटरप्राईजेस रायपुर- 9111760925, 7477221345, बिलासपुर- 8359913999, 95892 88936 रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871 (3194)

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists

चिकित्सा मे अचूक प्रामाणिक प्रयोग
यदि आप सभी उपाय एवं ईलाज कराकर थक गये हो। ना ही दवा को आप छोड़ पाते है ना ही दवा आपको छोड़ता हो बीमारी बार-बार होता हो तो रस रसायन एकमात्र उपाय है। ये सदा के लिए रोग से मुक्ति दिलाकर नवजीवन प्रदान करता है। क्योंकि यह वीर्य के निर्माण के साथ इम्यून सिस्टम में काम करता है जो अचूक है। यह रोग ही नही कारण को दूर करता है।
रस-रसायन अर्थात आयुर्वेद के रस भस्म थोड़ा महंगा परंतु सटिक प्रमाणिक चिकित्सा है। जो रोगी के शरीर मे जाने पर चूक नहीं सकता परंतु वात पित्त कफ से सबंधित रोग का निर्णय दवा का गुण एवं सटिक मात्रा की जानकारी होना आवश्यक है।
(1) समस्त प्रकार के लाईलाज चमड़ी रोग सोरायसिस, जोड़ो में दर्द, ऊंगलियों का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना।
(2) समस्त प्रकार के वायरस-जन्य रोग हेपाटाइटिस (ABC) हर्पिस रोग (स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने-फूंसी, छाले चमड़ी का फटना, लाल होना, रुबेला) जीवाणु जन्य रोग, सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक)
(3) समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग। नोट : पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग(इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आजतक कोई भी उपाय नहीं हैं। सावधान !
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल फार्मा साईंटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

16- MAR- COR- MAIN- Pg- 9 VAYPAR_Layout 1 3/16/2025 9:43 PM Page 1



# सरसों-सोयाबीन तेल में गिरावट, मूंगफली-पामोलीन-बिनौला में सुधार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बीते सप्ताह सरसों की खाली पाइपलाइन के बीच बड़ी तेल पेराई मिलों द्वारा इसका स्टॉक जमा करने के लिए हाजिर बाजार में दाम तोड़ने से सरसों तेल-तिलहन तथा सोयाबीन सीड (तिलहन) का दाम टूटने से सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। दूसरी ओर, आवक घटने एवं मांग बढ़ने से मूंगफली तेल-तिलहन, विदेशों में दाम बढ़ने से पाम एवं पामोलीन तेल तथा सस्ते दाम पर लिवाली बढ़ने से बिनौला तेल कीमतों में सुधार दर्ज हुआ।

### दिल्ली में बढ़ा दाम

जहां बड़ी तेल मिलें सरसों के हाजिर दाम तोड़ने में लगी हैं वहीं दिल्ली की नजफगढ मंडी में, जहां ज्यादातर छोटी तेल मिलें सरसों खरीदती हैं, सरसों के दाम में 100 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़त देखी गई। बड़ी तेल मिलों द्वारा सरसों के हाजिर दाम तोड़े जाने के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट दर्ज हुई।

## किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरसों की सरकारी खरीद शुरू होने की उम्मीद

### बिनौला सीड खरीदने की मजबूरी

सूत्रों ने कहा कि कम उत्पादन के कारण बिनौला सीड की कमी का सामना कर रहे उत्तर भारत के हरियाणा, पंजाब की तेल मिलों को महाराष्ट्र से बिनौला सीड खरीदना पड़ रहा है। पिछले महीने बिनौला सीड का खरीद भाव 3,600 रुपये था जो बीते सप्ताह बढ़कर 4,200 रुपये क्विंटल हो गया। इस वृद्धि के कारण बीते समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल के दाम में भी सुधार दर्ज हुआ। कपास की अधिकांश फसल बाजार में खप चुकी है और लगभग 16-17 प्रतिशत फसल ही बची है जो मजबूत किसानों के पास है। कपास नरमा का वह 8,000 रुपये क्विंटल का भाव मिलने का इंतजार कर रहे हैं।



### बगैर लाभ के बेच रहे सोयाबीन तेल

पैसों की तंगी और बैंकों में अपना ऋण साख-पत्र चलाते रहने के मकसद से आयातक सोयाबीन तेल बगैर किसी लाभ के बेच रहे हैं। इसके अलावा सोयाबीन सीड का दाम टूटने की वजह से मुख्यतः सोयाबीन तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट आई। किसानों के पास अब मूंगफली का अधिक स्टॉक नहीं रह गया है। एमएसपी से 14-15 प्रतिशत के नीचे दाम पर किसान अब अपनी उपज को बेचने से कतराने लगे हैं।

### सरसों का नहीं बचा स्टॉक

सरसों का कोई स्टॉक किसी के पास नहीं बचा है और पाइपलाइन खाली है जिसे देखते हुए देश की बड़ी तेल मिलें किसानों से सस्ते में खरीद कर स्टॉक जमा करने के लिए हाजिर दाम तोड़ रही हैं। इस वजह से देखा जा रहा है कि सुबह के कारोबार में दाम टूटने के बाद शाम को दाम बार फिर सुधर जाते हैं। गत दो-तीन दिन से मंडियों में सरसों की आवक घटी है क्योंकि किसानों को जल्द ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरसों की सरकारी खरीद शुरू होने की उम्मीद है।

### कम दाम में नहीं बेच रहे किसान

बीते सप्ताह सोमवार, मंगलवार को सरसों की आवक मंडियों में 12-12.25 लाख बोरी की थी जो शनिवार को घटकर लगभग आठ लाख बोरी रह गई। अब किसान एमएसपी से कम दाम पर बेचने को कतई राजी नहीं दिखते। इस बार सरसों का उत्पादन कम है और स्टॉक खाली हो गया है।

## खबर संक्षेप

### बैंक यूनियन की 24-25 मार्च को हड़ताल

**कोलकाता।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने कहा कि 24 और 25 मार्च को उसकी दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। यूएफबीयू ने कहा कि कर्मचारी संगठन की प्रमुख मांगों पर भारतीय बैंक संघ के साथ बातचीत में कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकल पाया।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 653.96 अरब डॉलर



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान दो वर्षों में सबसे तेज उछाल के साथ 15.26 अरब डॉलर बढ़कर 653.96 अरब डॉलर हो गया। पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.78 अरब डॉलर घटकर 638.69 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ पुनर्मूल्यांकन में भंडार में गिरावट का रुख रहा है।

### रिकॉर्ड 7.2 अरब डॉलर के विलय-अधिग्रहण सौदे





**नई दिल्ली।** भारत में फरवरी में विलय-अधिग्रहण एवं निजी इक्विटी सौदों में रिकॉर्ड उछाल देखा गया। ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इस दौरान कुल 7.2 अरब डॉलर के 226 विलय-अधिग्रहण और निजी इक्विटी सौदे हुए। यह पिछले तीन वर्षों में सबसे अधिक मासिक आंकड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया, ''यह फरवरी 2024 की तुलना में मात्रा के लिहाज से 67 प्रतिशत की वृद्धि और मूल्य के लिहाज से 5.4 गुना वृद्धि दर्शाता है।'' फरवरी में 4.8 अरब डॉलर के 85 विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदे हुए।

### अमेरिका में निवेश निर्णय में होगी देरी



**नई दिल्ली।** टाटा टेक्नोलॉजीज के अमेरिका में निवेश के निर्णय में देरी हो सकती है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक वारेन हैरिस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की शुल्क नीतियों को लेकर अभी अनिश्चितता बनी हुई है जिसकी वजह से वहां निवेश के हमारे निर्णय में विलंब हो सकता है। हालांकि, अमेरिका में महत्वपूर्ण उपस्थिति वाली वैश्विक उत्पाद इंजीनियरिंग और डिजिटल सेवा कंपनी को उम्मीद है कि अगले एक या दो महीने में नीति को लेकर स्थिति कुछ स्पष्ट होगी।

### लाल मिर्च की कीमतों में सुधार, किसानों को राहत



**विजयवाड़ा।** लाल मिर्च के भाव में आई उल्लेखनीय गिरावट के बाद में घोषित आंध्र प्रदेश सरकार की बाजार हस्तक्षेप योजना से कीमतों में उछाल आया है और किसानों के लिए ये लाभकारी स्तर पर स्थिर हो गई हैं। मिर्च की कीमतें पिछले सत्र में 28,000 रुपये प्रति क्विंटल से गिरकर 7,000 रुपये प्रति क्विंटल से भी नीचे आ गई थीं। इस तेज गिरावट के कारण खासकर रायलसीमा, गुंटूर और पालनाडु क्षेत्रों के मिर्च किसानों के लिए वित्तीय संकट पैदा हो गया। इस स्थिति से निपटने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार ने केंद्र से कीमतों के लिए बाजार हस्तक्षेप योजना शुरू करने का अनुरोध किया। 25 फरवरी को केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश सरकार के साथ मिलकर बाजार हस्तक्षेप योजना शुरू की। इसका उद्देश्य मिर्च की कीमतों को स्थिर करना था।

## भारतीय आवास बाजार में मांग में कमी के कोई संकेत नहीं

# घरों की मांग मजबूत, मुद्रास्फीति की दर से अधिक बढ़ेंगी कीमतें : क्रेडाई

■ रियल एस्टेट चक्र में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव ऐसी चीज नहीं है जिसके बारे में हमें चिंता करने की जरूरत है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा है कि घरों की मांग मजबूत बनी हुई है और बजट में कर प्रोत्साहन तथा हाल ही में रेपो दर में कटौती से इसमें और वृद्धि की उम्मीद है। क्रेडाई निजी रियल एस्टेट डेवलपर्स का एक शीर्ष निकाय है। ईरानी ने एक बातचीत में कहा कि भारतीय आवास बाजार में मांग में कमी के कोई संकेत नहीं हैं, बल्कि यह दीर्घावधि में बढ़ती रहेगी।

हालांकि, उन्होंने कहा कि कुछ बाजारों में इसका असर हो सकता है, लेकिन कुल मिलाकर अखिल भारतीय स्तर पर वृद्धि को लेकर कोई चिंता नहीं है। उन्होंने नासिक में हुई बातचीत में कहा कि रियल एस्टेट चक्र में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव ऐसी चीज नहीं है जिसके बारे में हमें चिंता करने की जरूरत है। हमें दीर्घकालिक वृद्धि को देखने की जरूरत है। क्रेडाई ने नासिक में हाल में दो दिन के सम्मेलन का आयोजन किया था।





### घरों की मांग में सुधार होगा

यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले तीन कैलेंडर वर्ष का उत्साह अब कम हो गया है, ईरानी ने कहा, 'मुझे ऐसा नहीं लगता।' उन्होंने इसके लिए फरवरी माह के मुंबई बाजार के संपत्ति पंजीकरण आंकड़ों का हवाला दिया। मुंबई क्षेत्र में संपत्तियों का पंजीकरण फरवरी में 12,000 इकाई पर स्थिर रहा है। ईरानी ने कहा कि बजट में पेश किए गए कर प्रोत्साहन और हाल ही में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती से घरों की मांग में सुधार होगा। उन्होंने कहा, 'हाल के दिनों में मैंने जो सबसे साहसिक कदम देखा है, वह वर्तमान बजट है, जिसमें सरकार ने घोषणा की है कि वह 12 लाख रुपये तक की आय पर कर नहीं लगाएगी। उन्होंने कहा कि इससे लोगों की क्रय शक्ति में सुधार होगा।

### 1,000 सरकारी स्कूलों को अपग्रेड करने का फैसला

क्रेडाई के निर्वाचित अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा कि हम हरित रियल एस्टेट और कौशल विकास को बढ़ावा देने पर बहुत जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रेडाई कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के मोर्चे पर भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। पटेल ने बताया कि क्रेडाई ने एसोसिएशन के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर देशभर में 1,000 सरकारी स्कूलों को 'अपग्रेड' (उन्नत) करने का फैसला किया है। क्रेडाई एक गैर सरकारी संगठन के साथ साझेदारी में इन 1,000 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करेगा और छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण पानी और आधुनिक शौचालयों की आपूर्ति का भी प्रावधान करेगा।

### सरकार दे रही बुनियादी ढांचे पर ध्यान

क्रेडाई के अध्यक्ष ने कहा कि सरकार बुनियादी ढांचे पर बहुत ध्यान दे रही है और इससे आवास, कार्यालय, मॉल और भंडार गृह सहित रियल एस्टेट के सभी क्षेत्रों के लिए नए व्यावसायिक अवसर पैदा हो रहे हैं। इस साल आवास मूल्य परिदृश्य पर ईरानी ने कहा, 'मैं कहता रहा हूं कि मूल्यवृद्धि डेवलपर के हित में बिल्कुल नहीं है। हम केवल मुद्रास्फीति से संबंधित लागत वृद्धि से बहुत खुश हैं।निश्चित रूप से कीमतों में मुद्रास्फीति से अधिक वृद्धि होगी, क्योंकि मुझे लगता है कि आपूर्ति कम हो गई है। परियोजनाओं के तेजी से निष्पादन से रियल एस्टेट डेवलपर्स के पास बेहतर लाभ मार्जिन होगा।

### हृदय रोग और पेट रोग विशेषज्ञ की सुविधा अब शहडोल में 19 को

**बिलासपुर।** आदित्य हॉस्पिटल रीवा रोड शहडोल में 19 मार्च को हृदय रोग और पेट रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर्स की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यह कैम्प आदित्य हॉस्पिटल द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो कि शहडोल के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें डॉ जिनेश जैन एक जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ हैं। उन्होंने हृदय रोग के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल की है और कई वर्षों से इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। इस कैम्प में इको की सुविधा भी उपलब्ध होगी। डॉ सनी उत्तमानी एक विशेषज्ञ पेट और लीवर रोग विशेषज्ञ हैं।

वे मरीज जो पेट और लीवर रोग से परेशान हैं, उनके लिए एंडोस्कोपी की सुविधा भी उपलब्ध है। एंडोस्कोपी के लिए खाली पेट आना होगा। डॉ विनोद कुमार सिंह एक सीनियर पेट के एंटी रिफ्लक्स विशेषज्ञ हैं। वे मरीज जो लंबे समय से खट्टी डकार, गैस रोग, पाइल्स से परेशान हैं, उनसे परामर्श ले सकते हैं। इस संबंध में आदित्य हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर और ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ आदित्य दिवेदी ने बताया कि हम हॉस्पिटल में बहुत जल्दी सुपरस्पेशलिटी सुविधा आरंभ करने जा रहे हैं, जिसमें हृदय रोग, पेट रोग, मस्तिष्क रोग के इलाज की सुविधा होगी और शहडोल क्षेत्र के लोगों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने बताया कि आदित्य हॉस्पिटल में रेलवे और एसईसीएल के मरीजों को कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है। यह सुविधा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है।

### शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटा

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 93,357.52 करोड़ रुपये की गिरावट आई।

## जम्मू-कश्मीर में 200 से अधिक निवेशकों को कारोबार करने के लिए भूमि आवंटित



■ निवेशकों में से ज्यादातर दिल्ली, हरियाणा और पंजाब से हैं

एजेंसी ⏭ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के बाहर के 200 से अधिक निवेशकों को जम्मू-कश्मीर में अपनी व्यावसायिक इकाइयां स्थापित करने के लिए पिछले एक दशक में औद्योगिक एस्टेट में भूमि प्रदान की गई है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अगस्त, 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद बाहरी निवेशकों द्वारा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में कई गुना वृद्धि हुई है। बाहरी निवेशकों में से ज्यादातर दिल्ली, हरियाणा और पंजाब से हैं। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, अधिकांश निवेशकों ने जम्मू क्षेत्र के कठुआ और सांबा जिलों को अपनी फर्म स्थापित करने के लिए प्राथमिकता दी, जबकि घाटी में बहुत कम व्यवसायी रुचि दिखा रहे हैं।

### 28 व्यवसायियों को सांबा-कठुआ जिलों में भूमि आवंटित

औद्योगिक नीति 2016-26 के तहत देश के विभिन्न हिस्सों से कुल 28 व्यवसायियों को सांबा और कठुआ जिलों में अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए 500 कनाल से अधिक भूमि आवंटित की गई थी। निवेश प्रस्ताव के आधार पर भूमि का आवंटन अलग-अलग होता है।

## सन फार्मा, जायडस ने अमेरिका में वापस मंगाए अपने उत्पाद

■ अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने यह जानकारी दी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय दवा कंपनियां- सन फार्मा और जाइयस फार्मास्यूटिकल्स विनिर्माण संबंधी समस्याओं के कारण अमेरिकी बाजार में अपने उत्पादों को वापस बुला रही हैं। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने यह जानकारी दी। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने अपनी नवीनतम प्रवर्तन रिपोर्ट में कहा है कि न्यू जर्सी स्थित सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज इंक 'असफल विघटन विनिर्देशों' के कारण मॉर्फिन सल्फेट विस्तारित-रिलीज़ टैबलेट की 9,840 बोतलें वापस ले रही है। कंपनी ने छह फरवरी, 2025 को क्लास-2 राष्ट्रव्यापी दवा वापसी शुरू की। यूएसएफडीए ने कहा कि जायडस फार्मास्यूटिकल्स इंक अमेरिका में कुछ कैंसर के उपचार में इस्तेमाल होने वाले नेलाराबाइन इंजेक्शन की बड़ी मात्रा को वापस बुला रहा है।

### कंपनी दवा की 1,893 शीशियों को भी वापस मंगा रही

*यूएसएफडीए ने कहा कि कंपनी नेलाराबाइन इंजेक्शन की 250एमजी/50एमएल, (5एमजी/एमएल) की ताकत वाली 36,978 शीशियों को 'विफल अशुद्धियों/क्षय विनिर्देशों' के लिए वापस मंगा रही है। कंपनी ने फरवरी में क्लास-2 वापसी शुरू की थी। जायडस 250एमजी/50एमएल (5एमजी/एमएल) की ताकत वाली दवा की 1,893 शीशियों को भी वापस मंगा रही है।*

## टीवीएस, पेट्रोनास ने साझेदारी मजबूत की...



**चेन्नई।** वाहन विनिर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने पेट्रोनास लुब्रिकेंट्स इंटरनेशनल के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत किया है। टीवीएस मोटर के साथ गठबंधन के तहत पेट्रोनास लुब्रिकेंट्स इंटरनेशनल अगले तीन वर्षों के लिए टीवीएस रेसिंग का शीर्षक प्रायोजक बना रहेगा। टीवीएस रेसिंग एक फैक्टरी रेसिंग टीम, जिसे आधिकारिक तौर पर प्रतिस्पर्धाओं में वाहन विनिर्माताओं द्वारा प्रायोजित किया जाता है। पेट्रोनास लुब्रिकेंट्स इंडिया 2022-23 सत्र के दौरान टीवीएस रेसिंग का शीर्षक प्रायोजक रहा है। इस साझेदारी में भारतीय राष्ट्रीय सुपरक्रॉस चैम्पियनशिप, भारतीय राष्ट्रीय रैली चैम्पियनशिप और भारतीय राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रेसिंग चैम्पियनशिप में रेसिंग टीम का समर्थन करना शामिल है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स दुनिया का सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र बनने की ओर अग्रसर

**चेन्नई।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने शनिवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग विश्व स्तर पर और भारत में सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र बनने की ओर अग्रसर है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि तमिलनाडु का 'इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर' वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में देश के अग्रणी के रूप में उभर रहा है। कृष्णन ने यह बात अनुबंध निर्माण कंपनी जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर कही।

**OFFICE OF THE Executive Director (CIVIL-PROJECT-I)**
**C.S.P.G.C.L., SHED NO.2, DANGANIA, RAIPUR**

No.04-02/GP-III/359 Raipur, Date 04.03.2025

**GENERAL NOTICE**

It is informed to the general public at large that the Chhattisgarh State Power Generation Company Limited, which has been allotted coal block and granted mining lease for mining coal in Gare-Pelma Sector-III Coal Mines, Tahsil-Tamnar, District Raigarh (Chhattisgarh) for an area of 629.538 hectares, is in the process of acquiring the surface rights under section 247 of CGLRC for making the mines operational.

That, for the purposes of making the mines operational, the requisite clearances and permissions from the respective authorities are under process.

That, the Lessee/Caveator Chhattisgarh State Power Generation Co. Ltd. apprehends that some person from the general public may challenge proceedings under section 247 of the CGLRC or any other process of permission and operation of the mines before the Hon'ble High Court of Chhattisgarh by way of a petition on one or the other ground.

Hence a caveat has been lodged by the Chhattisgarh State Power Generation Co. Ltd. through its counsel: -

**Shri K.R. Nair, ADVOCATE,**
**House No. 3/1122,**
**Nehru Nagar, Bilaspur (CG)**
**Mob. No. 7000764898**

It is notified that in case a petition is filed, advance notice may be served to the counsel for the Caveator as mentioned above before filling the petition.

**Executive Director (Civil-Project-I)**
**CSPGCL, Raipur**

# फेडरल रिजर्व की ब्याज दर पर तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, वैश्विक रुझान, शुल्क से संबंधित घटनाक्रम और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी।



विश्लेषकों ने यह राय जताई है। वृहद आर्थिक आंकड़ों की घोषणा के बीच फरवरी के लिए थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े सोमवार को आएंगे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वैश्विक व्यापार को लेकर लगातार अनिश्चितताएं और अमेरिका में मंदी की आशंका स्थानीय बाजार की रफ्तार को प्रभावित कर रही है। यह रुख जारी रहेगा। हालांकि, हालिया 'करेक्शन' के बाद मूल्यांकन में कमी, साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, डॉलर सूचकांक में नरमी और आने वाली तिमाहियों में घरेलू कंपनियों की आमदनी में उछाल की उम्मीद जैसे कारक बाजार के उतार-चढ़ाव पर कुछ अंकुश लगा सकते हैं। हालांकि, मौजूदा व्यापार को लेकर अनिश्चितताएं बरकरार हैं।' मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रमुख- शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'इस सप्ताह, हमारा अनुमान है कि कि बाजार कुछ उतार-चढ़ाव के साथ सीमित दायरे में रहेगा। बाजार की दिशा वैश्विक रुख और अमेरिकी शुल्क नीतियों से तय होगी।'

**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**कब्जा सूचना**

**संदर्भ: सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के अंतर्गत कब्जा सूचना**

**चूंकि**, नीचे हस्ताक्षरकर्ता होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम संख्या 54, 2002) के अंतर्गत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे दिए गए संबंधित तिथियों पर जारी किए गए मांग नोटिस के अनुसरण में, आप से/ऋणधारकों से, नीचे नामित, संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। तथापि, आप/उधारकर्ता सभी निर्धारित समय के भीतर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए **होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड** ने सरफेसी एक्ट, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, इसके तहत नियमों को पढ़ते हुए, नीचे उल्लिखित सुरक्षित परिसंपत्तियों को अपने **कब्जे** में ले लिया है:

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं)/ सह ऋणधारक (ओं)/ जमानतदारों के नाम | बंधक रखी गयी संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रू. में) | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुसुम तिवारी, विवेक तिवारी | प.ह.नं. 42, मौजा मेंड्रा, ख.नं. 1/6 (टुकड़ा), प.ह.नं. 42, मौजा मेंड्रा, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व- कमल नारायण की भूमि, पश्चिम-सड़क, उत्तर-विक्रेता की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की भूमि। | 03-01-2025 | 11,41,801 | 12-03-2025 |
| 2. | रामप्रकाश, चैती बाई लहरे, राहुल कुमार, | ख.नं. 278, प.ह.नं. 53, मौजा निरतु, प.ह.नं. 53, रा.नि.मं. पेंड्री विकास खंड, तह. तखतपुर व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम- निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता भूखंड, दक्षिण-विक्रेता की भूमि। | 03-01-2025 | 12,04,723 | 12-03-2025 |

ऋणधारक द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, ऋणधारक/जमानतदार और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ उक्त नियम के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऊपर उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा ले लिया है।

**ऋणधारकों/जमानतदारों** और **आम जनता** को एतद्द्वारा आगाह किया जाता है कि वे ऊपर उल्लिखित संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों या उसके किसी भाग के साथ लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के साथ कोई भी लेन-देन होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के विरुद्ध ऊपर उल्लिखित राशि के लिए है, **जो पूर्ण भुगतान होने तक उस पर अतिरिक्त ब्याज के साथ देय है।**

**ऋणधारक का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**

स्थान: बिलासपुर
दिनांक: 17-03-2025


प्राधिकृत अधिकारी
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

16- MAR- COR- MAIN- Pg- 10 SODKU-D-VIDESH_Layout 1 3/16/2025 9:32 PM Page 1



## सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ

# जल्द लौटेंगी सुनीता, अंतरिक्ष स्टेशन पहुंची नासा की नई टीम, साथियों के साथ किया डांस



*भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता अब साफ हो गया है। राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर नासा की टीम सुनीता और उनके साथी को लेने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी पहुंच गई है।*

एजेंसी ▶▶| केप कैनवेरल (अमेरिका)

अमेरिकी एजेंसी नासा के लंबे समय से फंसे अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को तैनात करने के लिए एक दिन पहले रवाना हुआ 'स्पेसएक्स' का यान रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गया। इसके साथ ही विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ हो गया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे चार नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, जापान और रूस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे कुछ दिन विलियम्स और विल्मोर से स्टेशन के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। माना जा रहा है कि अगर मौसम सही रहा तो दोनों फंसे अंतरिक्ष यात्रियों को अगले सप्ताह फ्लोरिडा के तट के निकट जलक्षेत्र में उतारा जाएगा। विल्मोर और विलियम्स बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल से पांच जून 2024 को केप कैनवेरल से रवाना हुए थे।

### ट्रंप के आदेश पर नासा की टीम अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी पहुंची



### 1 हफ्ते के लिए गए और 9 महीने तक नहीं आ सके वापस

*दोनों एक सप्ताह के लिए ही गए थे लेकिन अंतरिक्ष यान से हीलियम के रिसाव और वेग में कमी के कारण ये लगभग नौ माह से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुए अंतरिक्ष यात्रियों के नए दल में नासा से ऐनी मैक्लेन और निकोल एयर्स शामिल हैं। वे दोनों सैन्य पायलट हैं। इनके अलावा जापान के ताकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव भी रवाना हुए हैं और दोनों विमानन कंपनियों के पूर्व पायलट हैं। ये चारों लोग विल्मोर और विलियम्स के धरती के लिए रवाना होने के बाद अगले छह महीने अंतरिक्ष स्टेशन में बिताएंगे, जिसे सामान्य अवधि माना जाता है।*

### साथियों से मिली सुनीता, किया डांस

*क्रू-10 की सफल डॉकिंग के बाद, जैसे ही सुनीता विलियम्स और बुज विल्मोर से बाकी अंतरिक्ष यात्री मिले तो दोनों के चेहरे पर खुशी की लहर छा गई। अपने साथियों को देख दोनों ही बेहद खुश हुए और उनसे गले लग गए। सभी ने डांस किया और सेलिब्रेट किया। नासा के अंतरिक्ष यात्रियों का फाल्कन 9 रॉकेट सुबह 9:40 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर पहुंचा। अंतरिक्ष में जाने वाले सदस्यों में अमेरिका के दो अंतरिक्ष यात्री एन मौक्केलन और निकोल आयर्स है, जापान के अंतरिक्ष यात्री तुकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव है।*

### सप्ताह के अंत तक लौटने की उम्मीद

*क्रू-10 सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर के पास पहुंच तो गया है, लेकिन अब कुछ दिन तक अंतरिक्ष यात्री स्टेशन के बारे में और जानकारी इकट्ठा करेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि इस हफ्ते के अंत तक सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर स्पेस एक्स कैप्सूल के जरिए अन्य साथियों के साथ धरती के लिए रवाना होंगे। नासा ने यह भी कहा है कि यदि मौसम सही रहा तो स्पेस कैप्सूल को बुधवार (19 मार्च, 2025) से पहले स्पेस स्टेशन से अलग करके फ्लोरिडा के तट पर लैंड कराया जाएगा।*

## 10 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित

# अमेरिका में बवंडर धूल भरी आंधी और आग से 24 की मौत



### 50 वाहन टकराए

स्टेट हाईवे पेट्रोल के अनुसार, कम से कम 50 वाहनों के टकरा जाने से कनसास राजमार्ग पर आठ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि टेक्सास पैनहैंडल के अमरिलो में धूल भरी आंधी के कारण हुए कार हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई।

एजेंसी ▶▶| पिडमोंट

अमेरिका के मध्य और दक्षिण हिस्से में आए बवंडर (टॉरनेडो) और तेज हवाओं के कारण कई मकान और स्कूलों को व्यापक नुकसान पहुंचा और कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई।

मिसौरी निवासी डकोटा हेंडरसन ने बताया कि शुक्रवार रात बवंडर से बुरी तरह प्रभावित वेन काउंटी में उन्होंने और अन्य लोगों ने मिलकर जब पड़ोसियों को बचाने का अभियान शुरू किया तो उनके रिश्तेदार के घर के बाहर मलबे में पांच शव पड़े मिले। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में आए बवंडरों में कम से कम एक दर्जन लोगों की मौत हो गई। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने शनिवार देर रात बताया कि तीन काउंटियों में छह लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य लोग लापता हैं। उन्होंने बताया कि बवंडर पूर्व में अलबामा की ओर बढ़ गया है, जहां घरों को नुकसान पहुंचा है तथा सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। अधिकारियों ने अर्कंसास में तीन मौतों की पुष्टि की और गवर्नर सारा हकाबी सैंडर्स ने राज्य में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी।

जॉर्जिया के गवर्नर ने भी राज्य में आपातकाल की घोषणा की है। राज्य में बवंडर और धूल भरी आंधी की वजह से शुक्रवार को लगभग एक दर्जन लोगों की मौत हो गई।

### आग लगने की 130 से ज्यादा घटनाएं

*ओक्लाहोमा के कुछ इलाकों को आग की घटनाओं की वजह से खाली कराने का आदेश दिया गया है। पूरे राज्य में 130 से ज्यादा आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं और लगभग 300 घर क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए हैं। गवर्नर केविन स्टिट ने शनिवार को कहा कि लगभग 689 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र जल गया है। उन्होंने बताया कि ओक्लाहोमा सिटी के उत्तर-पूर्व में उनका अपना घर भी जल गया है।*

# चीन ने बनाई पाक के लिए दूसरी पनडुब्बी



**ताइपे (ताइवान)।** चीनी पोत निर्माण इकाई ने पाकिस्तानी नौसेना के लिए दूसरी पनडुब्बी का निर्माण पूरा कर लिया है। माना जा रहा है कि इससे दोनों देशों के बीच सैन्य संबंध और मजबूत होंगे। चीन की सरकारी मीडिया ने रविवार को खबर दी कि डीजल-इलेक्ट्रिक हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी को बृहस्पतिवार को यांग्त्सी नदी के किनारे वुहान शहर में चाइना शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री कॉरपोरेशन के पोत निर्माण इकाई में सेवा में शामिल किया गया। पाकिस्तान ने आठ पनडुब्बियों को खरीदने का अनुबंध किया है, जिनमें से शेष चार का निर्माण पाकिस्तान के कराची में स्थित कराची शिपयार्ड और इंजीनियरिंग वर्क्स द्वारा किया जाएगा। माना जाता है कि हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी चीन की 039ए पनडुब्बी का निर्यात संस्करण है, जिसमें चालक दल के 38 सदस्यों और विशेष बलों के आठ जवानों के रहने के लिए स्थान है।

## कर्नाटक के मंत्री पाटिल ने इसे गंभीरता से लेने कहा

# अस्पताल में छोड़ा बुजुर्गों को तो बच्चों को न दी जाए संपत्ति

**बीआईएमएस में 150 से अधिक बुजुर्गों को छोड़ने के मामले सामने आए**

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक के मंत्री शरण प्रकाश पाटिल ने रविवार को कहा कि अगर बच्चों ने अपने बुजुर्ग माता-पिता को अस्पतालों में छोड़ दिया है, तो उनकी संपत्ति का हस्तांतरण और वसीयत रद्द कर दी जानी चाहिए। मंत्री ने कहा कि यह समस्या तब सामने आती है जब बुजुर्ग अपनी संपत्ति बच्चों के नाम पर कर देते हैं, और फिर बच्चे उन्हें अस्पतालों में छोड़कर चले जाते हैं। अधिकारियों के अनुसार, एक गंभीर और अमानवीय घटना सामने आई है, जिसमें कई बुजुर्ग माता-पिताओं को उनके बच्चे सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में छोड़ आते हैं। यह अक्सर तब होता है जब बुजुर्ग अपनी संपत्ति बच्चों के नाम कर देते हैं। मंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, 'बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (बीआईएमएस) में अकेले 150 से ज्यादा बुजुर्गों को छोड़ने के मामले सामने आए हैं जबकि राज्य के अन्य मेडिकल संस्थानों में 100 से ज्यादा ऐसे ही मामले देखने को मिले हैं।' हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में बीआईएमएस के निदेशक ने चिकित्सा शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री शरण प्रकाश पाटिल के समक्ष यह मुद्दा उठाया।

### वसीयत रद्द करे



मंत्री ने कहा कि जिन बुजुर्ग माता-पिता ने अपनी संपत्ति या वसीयत अपने बच्चों के नाम पर कर दी है और फिर उन्हें अस्पतालों में छोड़ दिया गया है, उन संपत्तियों और वसीयत को रद्द किया जाना चाहिए।

# लाहौर में एक पहिए पर लैंड हुआ विमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



हाल ही में सोशल मीडिया पर पाक का खतरनाक लेकिन मजेदार मामला वायरल हो रहा है। जिसमें पीआईए की फ्लाइट कराची हवाईअड्डे से जब लाहौर की तरफ रवाना हुई तो उसका एक पहिए कराची एयरपोर्ट पर ही छूट गया। लाहौर जा रही इस फ्लाइट में 100 से भी ज्यादा लोग सवार थे जिनकी सांसे थोड़े वक्त के लिए थम गईं थी। पाक इंटरनेशनल एयरलाइंस का एक घरेलू विमान लाहौर हवाई अड्डे पर उतरा, जिसका एक पहिया गायब था, इसकी जानकारी एक संबंधित अधिकारी ने दी जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ वरना सैकड़ों लोगों की जान जा सकती थी। कराची से लाहौर के लिए रवाना हुई पीआईए की फ्लाइट संख्या पीके-306 का एक पिछला पहिया लाहौर हवाई अड्डे पर उतरते समय गायब था। अब अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि विमान कराची से 'गायब पहिये' के साथ उड़ा था या उड़ान भरते वक्त अलग होकर गिर गया था।

### खास बातें

- फ्लाइट में 100 से ज्यादा लोग सवार थे
- पीआईए का विमान कराची से लौहार के उड़ान पर था

## वैश्विक व्यापार नौ प्रतिशत के विस्तार के साथ 33,000 अरब डॉलर

# भारत, चीन के व्यापार में दिसंबर तिमाही में मजबूत वृद्धि

एजेंसी ▶▶| संयुक्त राष्ट्र



- विकासशील देशों, विशेषकर और भारत में औसत से बेहतर व्यापार विस्तार हुआ

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि विकासशील देशों, विशेष रूप से भारत और चीन ने 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में औसत से बेहतर व्यापार विस्तार देखा। रिपोर्ट में हालांकि, आगामी तिमाहियों में वैश्विक स्तर पर 'आर्थिक मंदी की संभावना' की चेतावनी दी गई है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास द्वारा नवीनतम वैश्विक व्यापार अपडेट, जो मार्च की शुरुआत तक के आंकड़ों को कवर करता है, ने कहा कि 2024 में वैश्विक व्यापार लगभग 1,200 अरब डॉलर यानी नौ प्रतिशत के विस्तार के साथ 33,000 अरब डॉलर तक पहुंच गया। रिपोर्ट में कहा गया, "विकासशील देशों, विशेषकर चीन और भारत में औसत से बेहतर व्यापार विस्तार हुआ, जबकि कई विकसित देशों में व्यापार संकुचन हुआ।" इसमें कहा गया है कि चीन और भारत ने 2024 की चौथी तिमाही में मजबूत व्यापार गति देखी, जबकि अमेरिका एक प्रमुख चालक बना रहा। साल 2024 की चौथी तिमाही में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापारिक व्यापार ने मिश्रित रुझान दिखाए। चीन और भारत के व्यापार में, विशेष रूप से निर्यात में वृद्धि जारी रही।

## हाइपरलूप की लंबाई 410 मीटर होगी, आईआईटी मद्रास परियोजना का निरीक्षण

# मद्रास में होगी दुनिया की सबसे लंबी हाइपरलूप परियोजना

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास में विकास के तहत महत्वाकांक्षी हाइपरलूप परियोजना में एशिया की सबसे लंबी हाइपरलूप ट्यूब होगी। वैष्णव ने कहा कि इसकी लंबाई 410 मीटर होगी और यह जल्द ही दुनिया की सबसे लंबी हाइपरलूप बन जाएगी।

शहर के संक्षिप्त दौरे पर आए रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने 15 मार्च को आईआईटी मद्रास में हाइपरलूप परियोजना का निरीक्षण किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हाइपरलूप परियोजना के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स घटक प्रौद्योगिकी चेन्नई स्थित 'इंटीग्रल कोच फैक्ट्री' में विकसित की जाएगी। रविवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में वैष्णव ने आईआईटी मद्रास परिसर में अपने दौरे का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, "एशिया में सबसे लंबी हाइपरलूप ट्यूब (410 मीटर)... जल्द ही दुनिया की सबसे लंबी होगी।"

हाइपरलूप को परिवहन का पांचवा तरीका माना जाता है। यह एक हाई-स्पीड ट्रेन है जो लगभग निर्वात ट्यूब में यात्रा करती है। कम वायु प्रतिरोध ट्यूब के अंदर कैप्सूल को 1,000 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति तक पहुंचने की सहूलियत देता है।

### परियोजना के लिए 8.34 करोड़ आवंटित

रेल मंत्रालय ने मई, 2022 में हाइपरलूप परिवहन प्रणाली और इसकी उप-प्रणालियों को स्वदेशी रूप से विकसित और मान्य करने के लिए आईआईटी मद्रास को 8.34 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी थी।

# 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर इसरो ने किया विकसित

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र और सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल), चंडीगढ़ ने संयुक्त रूप से अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर - विक्रम 3201 और कल्पना 3201 - विकसित किए हैं। विक्रम 3201 पहला पूर्णतः भारत में निर्मित 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है जो प्रक्षेपण यानों की कठोर पर्यावरणीय परिस्थितियों में उपयोग के लिए योग्य है। प्रोसेसर को एससीएल के 180एनएम (नैनोमीटर) सीएमओएस (पूरक धातु-ऑक्साइड-अर्धचालक) सेमीकंडक्टर फैब में निर्मित किया गया है। इसरो ने शनिवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि यह प्रोसेसर स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए 16-बिट विक्रम 1601 माइक्रोप्रोसेसर का उन्नत संस्करण है, जो 2009 से इसरो के प्रक्षेपण यानों की एवियोनिक्स प्रणाली में काम कर रहा है।

## राशिफल

**मेष** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी

**कुंभ** फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5807



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.बीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 5806 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | दे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| लि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ला | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 5817

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5816 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

16- MAR- K&C- MAIN- Pg- 11 KHEL_Layout 1 3/16/2025 11:43 PM Page 1




# मुंबई इंडियंस दूसरी बार बनी डब्लूपीएल चैंपियन, फिर खिताब से चूकी कैपिटल्स



एजेंसी ▸▸| मुंबई

मुंबई इंडियंस ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (66 रन) के अर्धशतक के बाद अपनी गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शनिवार रात को यहां महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को आठ रन से हराकर दूसरी ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं दिल्ली कैपिट्ल्स को लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने का खामियाजा अपने तीसरे फाइनल में हार से भुगतना पड़ा और उसे तीसरी बार उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मुंबई इंडियंस की टीम अपने घरेलू मैदान पर हरमनप्रीत के अर्धशतक के बावजूद सात विकेट पर 149 रन ही बना सकी। हरमनप्रीत ने 44 गेंद में नौ चौके और दो छक्के जड़ित पारी खेली। कप्तान ने नैट साइवर ब्रंट (30 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 गेंद में 89 रन की साझेदारी निभाई। मुंबई इंडियंस की गेंदबाजों ने इस छोटे से लक्ष्य का अच्छा बचाव कर टीम को 2023 के बाद दूसरा खिताब दिला दिया। नैट साइवर ब्रंट ने 30 रन देकर तीन, अमेलिया केर ने 25 रन देकर दो जबकि शबनीम इस्माइल, हेली मैथ्यूज और साइका इशाक ने एक एक विकेट प्राप्त किया। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 141 रन ही बना सकी।

## खबर संक्षेप



### मैकलारेन के नौरिस ने जीती आस्ट्रेलियाई ग्रां प्री

**मेलबर्न।** मैकलारेन के लैंडो नौरिस ने वर्षाबाधित आस्ट्रेलियाई ग्रां प्री जीत ली जबकि रेडबुल के मैक्स वेरस्टाप्पेन मामूली अंतर से चूक गए। फेरारी के लिए पदार्पण करने वाले सात बार के चैंपियन लुईस हैमिल्टन निराशाजनक दसवें स्थान पर रहे। सत्र की पहली रेस 2010 के बाद पहली बार मेलबर्न में बारिश के बीच आयोजित की गई। वेरस्टाप्पेन पहला स्थान पाने से 0.865 सेकंड से चूक गए। मर्सीडीज के जॉर्ज रसेल तीसरे स्थान पर रहे। मैकलारेन ने आस्ट्रेलिया ग्रां प्री में 12वीं बार जीत दर्ज करके फेरारी का रिकॉर्ड भी तोड़ा।

### भारत ने 33 पदक के साथ खत्म किया अभियान



**नई दिल्ली।** भारत ने अंतिम दिन चार स्पर्धाओं में 12 पदक जीतकर इटली के तूरिन में चल रहे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में अपना अभियान कुल 33 पदकों के साथ खत्म किया। भारत ने आठ स्वर्ण, 18 रजत और सात कांस्य पदक जीते। स्नोशूइंग में भारत ने पहले जीते गए छह पदक में चार और पदक जोड़े। वासु तिवारी, शालिनी चौहान और तान्या ने 25 मीटर स्नोशूइंग स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि जहांगीर ने इसी वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत ने स्नोशूइंग और अल्पाइन स्कीइंग में 10-10 पदक जीते जबकि स्नोबोर्डिंग में छह पदक हासिल किए। शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग और फ्लोरबॉल ने देश को क्रमशः चार, दो और एक पदक दिलाया।

### निशानेबाजों ने विश्व कप की शुरू की तैयारी



**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना और पेरू में होने वाले विश्व कप के लिए चुने गए भारतीय निशानेबाज यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में राष्ट्रीय शिविर में शामिल हो गए हैं जो आगामी सत्र की तैयारियों का अपना अंतिम चरण शुरू कर रहे हैं। निशानेबाजों का पहला बैच 26 मार्च को अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स के लिए रवाना होगा जो इस साल के पहले अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ विश्व कप राइफल, पिस्टल, शॉटगन (एक से 11 अप्रैल) चरण का आयोजन स्थल है। इसके बाद दक्षिण अमेरिकी चरण पेरू के लीमा में शुरू होगा जिसमें दूसरा आईएसएसएफ संयुक्त विश्व कप 13-22 अप्रैल तक होगा।

## स्टार बल्लेबाज ने बीसीसीआई के नियम पर जताई निराशा

# कोहली ने कहा- दौरों पर साथ रहे परिवार कमरे में जाकर अकेले बैठना नहीं चाहता

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टीम के दौरों पर खिलाड़ियों के परिवारों की मौजूदगी का समर्थन किया है। कोहली ने कि कि वह अपने होटल के कमरे में अकेले उदास रहने के बजाय मैदान पर मुश्किल और तनावपूर्ण दिनों से निपटने के लिए हमेशा अपने पास व्यक्तिगत समर्थन रखना पसंद करेंगे।

भारत को ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट श्रृंखला में मिली 1-3 की हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी निर्देश में 45 दिन से अधिक के दौरे पर खिलाड़ियों के परिवार के साथ समय बिताने की सीमा 14 दिन तक सीमित कर दी थी। इसके अनुसार खिलाड़ियों की पत्नी, बच्चे या महिला मित्र छोटे दौरों पर अधिकतम एक हफ्ते तक उनके साथ रह सकते हैं। हाल में खत्म हुई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कोहली, रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी के परिवार दुबई में थे लेकिन वे टीम होटल में नहीं रुके और परिवारों के ठहरने का खर्च खिलाड़ियों ने उठाया, बीसीसीआई ने नहीं।



### परिवार की भूमिका अहम

कोहली ने शनिवार को यहां खत्म हुए आरसीबी के 'इनोवेशन लैब' सम्मेलन के दौरान कहा, 'लोगों को परिवार की भूमिका समझाना बहुत मुश्किल है। हर बार जब आप किसी तनावपूर्ण स्थिति में होते तो अपने परिवार के पास वापस आना कितना महत्वपूर्ण होता है। मुझे नहीं लगता कि लोगों को इसकी अहमियत की समझ है।'

### तनाव से उबरने में मिलती है मदद

कोहली ने कहा कि परिवार के साथ होने से खिलाड़ी को मैदान पर मिली निराशा से जल्दी उबरने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, 'मैं अपने कमरे में जाकर अकेले बैठकर उदास नहीं रहना चाहता। मैं सामान्य होना चाहता हूं। तभी आप अपने खेल को एक जिम्मेदारी के रूप में ले सकते हैं। आप बाहर की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करते हैं और फिर आप अपने घर वापस आते हैं, आप परिवार के साथ होते हैं और आपके घर में माहौल बिलकुल सामान्य होता होती है और सामान्य पारिवारिक जीवन चलता रहता है। इसलिए मेरे लिए यह बहुत खुशी का दिन होता है। जब भी संभव होता है, मैं अपने परिवार के साथ बाहर जाने और समय बिताने का कोई अवसर नहीं छोड़ता।'

### जिनका कोई लेना देना नहीं वो भी चर्चा में शामिल

कोहली ने इस बात से निराश थे क्योंकि ऐसे मुद्दों से जिसका कोई संबंध भी नहीं था, वो लोग भी इन चर्चाओं में शामिल रहे हैं। इस 36 साल के खिलाड़ी ने कह, 'मुझे इससे बहुत निराशा हुई क्योंकि जिनका इस मामले में कोई लेना देना नहीं था, उन्हें भी चर्चा में शामिल किया गया जिन्होंने कहा, 'ओह, शायद खिलाड़ियों को परिवार से दूर रखा जाना चाहिए'।'' उन्होंने कहा, ''और अगर आप किसी खिलाड़ी से पूछें कि क्या आप चाहते हैं कि आपका परिवार हर समय आपके आस-पास रहे? तो वे 'हां' ही कहेंगे।''

### मुझे खेलना पसंद, कोई घोषणा नहीं कर रहा

कोहली ने कहा, 'घबराइए नहीं। मैं कोई घोषणा नहीं कर रहा हूं। अभी तक सब कुछ ठीक है। मुझे अब भी खेलना पसंद है। मेरे लिए खेलना अब पूरी तरह से आनंद, प्रतिस्पर्धी भावना और खेल के प्रति प्रेम है। और जब तक यह है, मैं खेलना जारी रखूंगा। जैसा कि मैंने आज कहा कि मैं किसी उपलब्धि के लिए नहीं खेल रहा हूं। आप जानते हैं कि प्रतिस्पर्धी भावना आपको संन्यास के सवाल का जवाब नहीं ढूंढने देती है। इस बारे में राहुल द्रविड़ से मेरी बहुत दिलचस्प बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि आप अपने जीवन में किस जगह हैं, इसका पता लगाएं और इसका जवाब इतना आसान नहीं है। हो सकता है कि आप एक बुरे दौर से गुजर रहे हों और आपको लगे कि बस यही है। लेकिन हो सकता है कि ऐसा नहीं हो। लेकिन जब भी समय आएगा तो मेरी प्रतिस्पर्धी भावना मुझे इसे स्वीकार करने की अनुमति नहीं देगी। शायद एक और महीना। शायद छह और महीने। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक अच्छा संतुलन है। अपने जीवन के इस समय में मैं बहुत खुश महसूस कर रहा हूं।'

## कुश्ती

# दीपक और अंतिम एशियाई चैंपियनशिप टीम में शामिल





एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता दीपक पूनिया और अंतिम पंघाल को 25 से 30 मार्च तक जॉर्डन के अम्मान में होने वाली सीनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए शनिवार को 30 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा यहां आईजी खेल परिसर में कराए गए चयन ट्रायल के दौरान पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन के साथ-साथ महिला वर्ग में 10-10 पहलवानों का चयन किया गया।

2019 विश्व चैंपियनशिप में रजत और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाले पूनिया हालांकि अब 86 किग्रा से 92 किग्रा में आ गए हैं जबकि विशाल कालीरमन भी 65 किग्रा से 70 किग्रा में खेलने लगे हैं।

### चुने हुए हलवान

**पुरुष फ्रीस्टाइलः** चिराग (57 किग्रा), उदित (61 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा), विशाल कालीरमन (70 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा), मुकुल दहिया (86 किग्रा), दीपक पूनिया (92 किग्रा), जॉइंटी कुमार (97 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा)। **पुरुष ग्रीको-रोमनः** नितिन (55 किग्रा), सुमित (60 किग्रा), उमेश (63 किग्रा), नीरज (67 किग्रा), कुलदीप मलिक (72 किग्रा), सागर (77 किग्रा), राहुल (82 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा) और प्रेम (130 किग्रा)।

**महिला कुश्तीः** अंकुश (50 किग्रा), अंतिम (53 किग्रा), नीशू (55 किग्रा), नेहा शर्मा (57 किग्रा), मुस्कान (59 किग्रा), मनीषा (62 किग्रा), मोनिका (65 किग्रा), मानसी लाठर (68 किग्रा), ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) और रीतिका (76 किग्रा)।

# इंडिया ने मैच जीता रायपुरियंस ने दिल

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

■ मास्टर्स लीग के फाइनल मैच में इंडिया ने 6 विकेट से जीता मैच

रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मास्टर्स लीग के फाइनल मैच की धूम रही। इंडिया और वेस्टइंडीज का मैच देखने हजारों की संख्या में प्रदेशभर से दर्शक पहुंचे थे। भारत की शानदार जीत ने रायपुरियंस का दिल जीत लिया। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर और दिग्गज खिलाड़ी ब्रायन लारा की उपस्थिति ने रोमांच बढ़ा दिया।

पहली पारी में फैंस ने अपने उत्साह से इंडियन बॉलर्स में जोश जगाते नजर आए। वहीं, दूसरी पारी में इंडियन टीम बल्लेबाजी करने उतरी तो फैंस का उत्साह देखते ही बन रहा था। मैच शुरू होने के पहले स्टेडियम के बाहर त्यौहार सा नजारा



देखने को मिला। यहां जगह-जगह भारतीय टीम के टी शर्ट बिक रहे थे। फेस पेंटिंग से लेकर इंडियन फ्लैग के छोटे-छोटे स्टॉल नजर आए। मैच के बाद 10 मिनट तक जोरदार आतिशबाजी हुई। फाइनल मैच में क्रिकेट जगत के दो महान खिलाड़ियों सचिन तेंदुलकर और ब्रायन लारा को खेलते हुए देखना बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक सभी के लिए एक सपना था। उनकी खेल भावना और कड़ी मेहनत ने स्टेडियम में मौजूद हर व्यक्ति को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम 7.30 से रात 12 बजे तक दिग्गजों ने क्रिकेट प्रेमियों को रोमांच से भर दिया।

### जब दर्शकों तक पहुंची गेंद

क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद भी इंडिया और वेस्टइंडीज मास्टर्स के दिग्गज खिलाड़ी शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का प्रदर्शन कर रहे हैं। युवराज सिंह और यूसुफ पठान ने मैदान में लंबी और दमदार छक्के लगाए, जिनमें से कई गेंदें पहली और दूसरी मंजिल पर मौजूद दर्शकों तक पहुंची। इस दौरान दर्शकों ने गेंद के साथ सेल्फी भी ली और इस रोमांचक पल का लुत्फ उठाया। बाउंड्री पर फिल्डिंग करते हुए कई खिलाड़ियों ने हाथ हिलाकर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें खुश किया। यह मैच एक ऐतिहासिक और यादगार पल बन गया, जहां दिग्गज खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच एक अनोखा जुड़ाव देखने को मिला।

### हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शक

इंडिया और वेस्टइंडीज मास्टर्स के बीच मैच को देखने के लिए 20 हजार से भी अधिक दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। दर्शक खासतौर पर सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, यूसुफ पठान और इरफान पठान के फैंस अपनी पसंदीदा खिलाड़ियों की नाम वाली टी-शर्ट पहनकर आए थे। कई दर्शक इंडिया की जर्सी में तो कई ने चेहरों पर तिरंगा लगा रखा था। मैच के दौरान दर्शक अपनी पसंदीदा खिलाड़ियों को करीब से देखने के लिए बेताब थे। हर ओवर के बाद खिलाड़ियों ने जोश के साथ जश्न मनाया। वहीं, जब इंडिया का विकेट गिरता, तो स्टेडियम में सन्नाटा छा जाता, जबकि छक्के और चौके लगते, तो दर्शक खुशी से झूम उठते थे।

# मीरा-सबालेंका में होगा इंडियन वेल्स का खिताबी महामुकाबला

एजेंसी ▸▸| इंडियन वेल्स

रूस की किशोरी मीरा एंड्रीवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां सर्द परिस्थितियों में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को 7-6 (1), 1-6, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

नौवीं वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय एंड्रीवा 2001 के बाद इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी है। फाइनल में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका होगा। सबालेंका ने दूसरे सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज़ को 51 मिनट में 6-0, 6-1 से हराया। सबालेंका ने इस तरह से कीज के



पिछले 16 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर रोक लगाकर उनसे ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। एंड्रीवा ने टूर में अपनी जीत का सिलसिला 11 मैच तक पहुंचा दिया है।

# सविता-हरमनप्रीत हॉकी इंडिया के 'प्लेयर ऑफ द ईयर'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को हॉकी इंडिया सातवें सालाना पुरस्कार में वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और दिग्गज गोलकीपर सविता को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार मिला।

पचास वर्ष पहले 15 मार्च को ही कुआलालम्पुर में भारत को एकमात्र विश्व कप जिताने वाली अजितपाल सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पुरस्कार के तहत टीम को 50 लाख रुपए दिए गए। हॉकी इंडिया ने यह समारोह शनिवार को भारत की विश्व कप जीत के 50 साल और इस वर्ष भारतीय हॉकी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया था। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में दस गोल करके भारत को लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को यह पुरस्कार तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता दिवंगत बलबीर सिंह सीनियर के नाती कबीर सिहं भोमिया, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने प्रदान किया। पुरस्कार के तहत दोनों खिलाड़ियों को एक ट्रॉफी और 25-25 लाख रुपए दिए गए। टोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही।

# न्यूजीलैंड ने टी20 में पाकिस्तान को 61 गेंद में नौ विकेट से रौंदा

एजेंसी ▸▸| क्राइस्टचर्च

न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान को नौ विकेट से हरा दिया। अपनी मेजबानी में हुई 50 ओवरों के प्रारूप की चैंपियंस ट्रॉफी में एक भी मैच नहीं जीत पाने के बाद पाकिस्तान की टीम में कई बदलाव किए गए हैं। सलमान आगा पहली बार कप्तानी कर रहे हैं।

पाकिस्तानी टीम न्यूजीलैंड के तेज आक्रमण का सामना नहीं कर सकी और 18.4 ओवर में 91 रन पर आउट हो गई। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का पांचवां न्यूनतम स्कोर है। न्यूजीलैंड ने 10.1



ओवर में एक विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। टिम सीफर्ट ने 29 गेंद में 44 और फिन एलेन ने 17 गेंद में 29 रन बनाए। टिम रॉबिनसन 18 रन बनाकर नाबाद रहे। मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम की जगह खेल रहे पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस और हसन नवाज खाता भी नहीं खोल सके। पहले छह ओवर में पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 14 रन था। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमीसन ने आठ रन देकर तीन और जैकब डफी ने 14 रन देकर चार विकेट लिए।



16- MAR- COR- MAIN- Pg- 12 VIVIDHA AA_Layout 1 3/16/2025 9:50 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### कांग्रेस ने शुरू की 'पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा'

**पटना।** कांग्रेस ने बिहार में रविवार को 'पलायन रोको, नौकरी दो' थीम वाली राज्यव्यापी 'पदयात्रा' शुरू की। इसमें राज्य में व्याप्त बेरोजगारी को बड़े पैमाने पर युवाओं के पलायन के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के बिहार मामलों के प्रभारी कृष्ण अल्लावरु, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार जैसे नेताओं ने सुदूर पश्चिमी चंपारण जिले का दौरा किया, जहां से पदयात्रा शुरू हुई। यह पदयात्रा पार्टी की युवा और छात्र शाखाओं के स्वयंसेवकों द्वारा निकाली जा रही है।

जम्मू में आतंकी हमलों के लिए वांछित आतंकी मारा गया

# भारत के दुश्मन आतंकी अबू की पाकिस्तान में 'अज्ञात' ने की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में कई घातक आतंकी हमलों के लिए वांछित लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष कमांडर की पाकिस्तान में अज्ञात बंदूकधारियों ने हत्या कर दी। अधिकारियों ने पड़ोसी देश से मिली जानकारी के आधार पर बताया कि जिया-उर-रहमान उर्फ नदीम उर्फ अबू कतल उर्फ कतल सिंधी की शनिवार शाम पंजाब प्रांत के झेलम इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई। रहमान को लश्कर संस्थापक हाफिज सईद का भरोसेमंद सहयोगी माना जाता था। वह जम्मू-कश्मीर के पूंछ-राजौरी क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था। रहमान ने वर्ष 2000 की शुरुआत में जम्मू क्षेत्र में घुसपैठ की थी और 2005 में वापस पाकिस्तान चला गया था।

## हाफिज सईद का भरोसेमंद सहयोगी था अबू कतल

### कई आतंकी घटनाओं में था वांछित

अधिकारियों के अनुसार, जिया-उर-रहमान 20 अप्रैल 2023 को भट्टा-दुर्रियन में हुए हमले में भी शामिल था, जिसमें पांच भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। इसके अलावा, पांच मई 2023 को कंडी क्षेत्र में 9 पैरा स्पेशल फोर्स पर हुए हमले के पीछे भी उसका हाथ था, जिसमें पांच सैनिकों की जान गई थी। रहमान पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके)





### लश्कर-ए-तैयबा में प्रमुख भूमिका

रहमान ने लश्कर-ए-तैयबा में अहम भूमिका निभाई थी और कई आतंकी हमलों की साजिश रची। वह पुंछ और रजौरी क्षेत्रों में आतंकवादी गतिविधियों का मुख्य साजिशकर्ता था। इसके अलावा, वह भारत में कई बड़े हमलों की योजना बनाने के लिए जिम्मेदार था, जिनमें 2023 में रजौरी जिले के ढंगरी गांव में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमला शामिल था। इस हमले में पांच लोग मारे गए थे और कई घायल हुए थे।

### रियासी में बस हमले की साजिश में भी था शामिल

वह 2024 में रियासी में बस पर हमले की साजिश में भी शामिल था। इस हमले में नौ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी, जबकि 41 लोग घायल हुए थे। इसके अलावा, 2023 में भट्टा-दुरियां और कंडी हमले में उसकी बड़ी भूमिका थी, जिसमें भारतीय सेना के जवान शहादत हुई थी। रहमान पाकिस्तान के कोटली जिले में लश्कर के एक छोटे आतंकवादी समूह खुइरट्टा डिट्स का प्रभारी था। वह पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लश्कर के आतंकवादियों और उसके ऑपरेटरों के बीच की मुख्य कड़ी था।

# युवक की हत्या, बचाने गए एएसआई को भी मार डाला



एजेंसी ▶▶| मऊगंज

मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले में शनिवार को आदिवासियों के एक समूह ने कथित तौर पर अपहृत व्यक्ति को बचाने पहुंची पुलिस टीम पर हमला कर दिया, जिसमें एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। समूह ने अपहृत व्यक्ति की भी हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि घटना जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर गदरा गांव में हुई और घटना के संबंध में पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है। रीवा रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक साकेत पांडे ने बताया, एक एएसआई (सहायक उपनिरीक्षक) समेत दो लोग मारे गए हैं और अन्य पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आई हैं।

■ कई पुलिसकर्मी हुए घायल

### नियंत्रण में स्थिति

इस बीच, मऊगंज जिलाधिकारी अजय श्रीवास्तव और पुलिस अधीक्षक रचना ठाकुर ने एक वीडियो संदेश में बताया कि क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और गड़बड़ी को रोकने) लागू की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। दोनों अधिकारियों ने लोगों से पुलिस और अधिकारियों को अपना काम करने देने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने में उनकी मदद करने की अपील की।




# केदारनाथ में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक की तैयारी

**देहरादून।** उत्तराखंड में 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा से पहले केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की विधायक आशा नौटियाल ने रविवार को केदारनाथ धाम में मांस-मछली और शराब जैसी गलत गतिविधियां कर रहे 'गैर-हिंदुओं' पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। नौटियाल ने कहा कि यात्रा की तैयारियों को लेकर स्थानीय होटल, ढ़ाबा व्यवसायी और घोड़े-खच्चर रखने वाले लोगों के साथ हुई एक बैठक में यह बात खुलकर सामने आयी थी।

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने यह मुद्दा उठाया था कि गैर-हिंदू लोग वहां मांस, मछली और शराब के व्यापार जैसी गलत गतिविधियां में संलिप्त हैं। भाजपा विधायक ने कहा, "जो भी लोग धाम को बदनाम करने का काम करते हैं, उन पर प्रतिबंध लगना ही चाहिए। नौटियाल ने यह भी कहा कि केदारनाथ और प्रदेश के अन्य धामों के दर्शन के लिए पूरे देश और विश्व से श्रद्धा के साथ लोग आते हैं इसलिए उनकी आस्था को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका यह कर्तव्य बनता है कि वह स्थानीय लोगों द्वारा उठायी गयी मांगों को उचित मंच पर रखें और सुनिश्चित करें कि गलत गतिविधियों पर रोक लगायी जाए।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com